हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 1 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

16 विधायक ईश्वर से की अछोली में शराब दुकान नहीं खोलने की शिकायत



16 शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं: देवांगन





## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दस साल पुराने वारंटी को पकड़ा



**भिलाई।** पुलिस ने अभियान चलाकर लंबित स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली के लिए 29-30 जून की दरम्यानी रात विशेष अभियान चलाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पतासाजी के लिए टीम बनाई गई। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि इसके लिए टीम गठित कर वारंटियों के सकुनत, संभावित जगहो पर दबिश दिया। अभियान के तहत कुल 167 वारंट को दुर्ग पुलिस द्वारा तमिल किया। अभियान के तहत वारंटियो का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी, धरपकड की गई है। कार्रवाई में 10 वर्षो से फरार चल रहे वैशाली नगर के पुराने वारंटी को भी पकड़ा गया है। जिले में कुल 167 वारंट में से 112 स्थाई वारंट, 55 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई है।थाना मोहन नगर, छावनी, सुपेला, जामुल से वारंटियों को पकड़ा गया है।

### सूने मकान से तीन लाख नकद पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में जुटी हुई है। छावनी पुलिस ने बताया कि मदर टेरेसा नगर स्थित फर्निचर दुकान संचालक संतोष बरनवाल परिवार समेत गुवाहाटी कामख्या मंदिर गए हुए थे। अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, 3 लाख रुपए नगदी पार कर दिया। 19 जून की दोपहर पीड़ित अपने घर में ताला जड़कर गुवाहाटी असम गए हुए थे। 28 जून की शाम वापस घर लौटने पर देखा मेने गेट का ताला टूटा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सामने सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। छावनी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### चाकू से हमला करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** सर्विस रोड पर युवक को चाकू मारने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नीरज वर्मा नामक युवक को दो अज्ञात युवकों ने सर्विस रोड इंदिरा पारा भिलाई 3 के पास चाकु से हमला कर फरार हो गए थे। जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। घायल नीरज वर्मा का बयान पुलिस ने लिया। पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि हमला करने वाले आरोपी खुर्सीपार के रहने वाले है। आरोपी में एकता नगर जोन 2 खुर्सीपार निवासी साहिल सोना को पकड़ा गया। साहिल सोना की महिला मित्र के साथ विवाद होने पर आरोपीगणों के द्वारा जान से मारने की नियत से हाथ मुक्का, चाकु से नीरज पर हमला कर दिया।

# भिलाई में भी महानगर की तरह चौड़ी सड़कें, बेहतर प्रकाश व्यवस्था के साथ साइंस सिटी का होगा निर्माण, स्वीमिंग पूल व गार्डन भी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु निगम सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महापौर नीरज पाल ने अपने सुझाव रखे कि भिलाई शहर के विकास हेतु मूलभूत आवश्यकताओं के साथ जन सुविधाओं में वृद्धि को प्रथम प्राथमिकता होना बताया, जिससे शहर का चहुमुंखी विकास हो सके। अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने सिटी डेव्हलपमेंट प्लान का विस्तृत प्रेजेन्टेशन दिए। जिसमें मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण, साइंस सिटी का निर्माण, रिंग रोड का निर्माण, स्वीमिंग पूल का निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण, छोटे नाले एवं बड़े नालों का निर्माण, ब्यूटीफिकेशन के कार्य, साफ सफाई, वाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न 191 कार्यों का प्रेजेंटेशन दिए। जिसमें अनुमानित लागत लगभग 1480 करोड़ होना संभावित है। प्रस्तुत कार्य में आवश्यक सुधार एवं संशोधन हेतु जनप्रतिनिधियों/आम नागरिकों से औचित्य सहित सुझाव आमंत्रित किये हैं।

### स्लम बस्तियों में मूलभूत सुविधाएं

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने अपने सुझाव दिये कि मोबाईल टावर किसी के छत के बजाय खुली भूमि में लगाना उचित होगा। निगम क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के साथ शहर के विकास के साथ स्लम बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं को पहली प्राथमिकता दी जावे। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाना और खुर्सीपार क्षेत्र के पेयजल के साथ लाईटिंग व्यवस्था में सुधार करना है। पार्षदगणों एवं समाज सेवियों का सुझाव आया कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार, मापदण्ड अनुसार सड़क चौंडीकरण, सीवरेज लाइन में सुधार, उद्यानो की स्थिति में सुधार, डिवाइडर संधारण कर वृक्षारोपण, स्टेडियम निर्माण, कुत्ता व अवारा पशुओ के लिए शेल्टर हाउस, वाटर हार्वेस्टिंग, तड़चालक लगाने की जरूरत एवं शासन की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कराने को प्राथमिकता बताया।




**चार दिन और दे सकते हैं सुझाव:** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्लानिंग अच्छी तरह सोच समझ कर किया जावें, जिससे अनावश्यक तोड़फोड़ की जरूरत न पड़े। जनप्रतिनिधियों/आम नागरिको के सुझावों को कार्य के सुगम औचित्य सहित 4 दिवस के अंदर जोन कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करेगें। जिसे निगम द्वारा 5 वें दिन में निगम के वेबसाईट में अपलोड किया जायेगा। अच्छे सुझाव जो शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, उसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

**लापरवाही :** भू-जल संरक्षण और रिचार्ज करने का काम चल रहा कागजों में

# वाटर हार्वेस्टिंग के लिए 7.81 करोड़ जमा करवाए, बना या नहीं निगमों को पता नहीं

देवीलाल साहू ⏭भिलाई/दुर्ग

भिलाई/ दुर्ग। गिरते भू-जल स्तर को बारिश के पानी से रिचार्ज करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया गया है। बारिश शुरू हो गई है लेकिन कई घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बना ही नहीं। भिलाई दुर्ग के चार निगमों में 4514 घर ऐसे हैं जहां वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के नाम पर गड़बड़ी की गई। यानी इन लोगों ने मकान बनाने के लिए निगम में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कराने निर्धारित राशि जमा करा दी लेकिन पैसे वापस लेने नहीं आए। भवन पूर्णता प्रमाण पत्र जमा करने पर ही निगम इन लोगों की जमा राशि लौटाती। हाल यह है कि सालों से भिलाई निगम, रिसाली निगम, दुर्ग निगम और भिलाई तीन चरोदा निगम के पास 7.81 करोड़ रूपए से ज्यादा एफडी के रूप में जमा है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



### इसलिए नहीं जमा किए भवन पूर्णता प्रमाण पत्र

निगमों में यह अनिवार्य किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति मकान बनाए तो रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण भी करना है। इस नियम के चलते लोगों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क के रूप में 15 हजार रुपए जमा करवा दिए। निगम ने लोगों से यह कहा कि जब भवन पूर्णता निर्माण प्रमाण पत्र लाकर देंगे तो यह पैसा वापस हो जाएगा। लेकिन लोग सालों हो गए निगम नहीं पहुंचे। इससे यह साफ हो गया है कि लोगों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग ही नहीं बनाया।

## ट्विनसिटी के चारों निगमों में यह है स्थिति

### भिलाई निगम

भिलाई निगम में 1607 लोगों का रेन वाटर हार्वेस्टिंग का पैसा जमा है। 2.41 करोड़ रुपए वर्ष 2012 से जमा है। हैरत की बात यह है कि भिलाई निगम ने इन लोगों को नोटिस भी कई बार दिया। उसके बावजूद भी इन लोगों ने अपना पैसा लेने नहीं पहुंचे।

### रिसाली निगम

रिसाली निगम का गठन वर्ष 2019 को हुआ है। वर्ष 2020 से रिसाली निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का पैसा जमा लिया। यहां 508 घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण होना था। जिसमें से 60 लोगों ने अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के नाम पर 9 लाख रुपए जमा किए हैं।

### दुर्ग नगर निगम

दुर्ग नगर निगम में वर्ष 2010-11 से लोगों ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के लिए निगम कोष में पैसा जमा करवाया और मकान निर्माण के लिए अनुमति ली। इतने साल हो गए इस मद में 4.3 करोड़ रुपए जमा है। ये पैसा 1847 लोगों के हैं जिन्होने मकान बनाने के लिए अनुमति मांगी और दोबारा नहीं आए।

### चरोदा निगम

चरोदा निगम में रेव वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के लिए 1000 लोगों ने अपने पैसे जमा करवाए हैं। इन लोगों के 20 लाख रुपए निगम कोष में सालों से जमा है। निगम के नोटिस भी भेजा लेकिन लोग अपने पैसे लेने नहीं आए और न ही भवन पूर्णता प्रमाण पत्र दिए।

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर निगमों की ये तैयारी

### भिलाई व चरोदा निगम ने निकाला टेंडर

भिलाई निगम व भिलाई तीन चरोदा निगम जमा एफडीआर से रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण खुद से कराएगा। इसके लिए निगम ने टेंडर भी जारी कर दिया है। जितने लोगों का पैसा जमा है उनके यहां टेंडर लेने वाले एजेंसी के कर्मी जाएंगे और मौके पर सत्यापन करेंगे। जिन घरों में नहीं बना है वहां ठेका एजेंसी निर्माण कार्य करेगी।

### दुर्ग में भी टेंडर की तैयारी में

दुर्ग निगम और भिलाई तीन चरोदा निगम ने भी जमा एफडीआर की रकम से रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए टेंडर निकालने की तैयारी कर ली है।

### रिसाली करवा रहा सत्यापन

रिसाली निगम ने एफडीआर के जमा पैसे नहीं ले जाने वालों को नोटिस जारी किया है। नोटिस के बाद फोटो मंगवा है। फोटो का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। जिन लोगों के यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बना मिलेगा वहां निर्माण कार्य करवाएगा जाएगा।

**वेरीफिकेशन करवा रहे**

रेन वाटर हार्वेस्टिंग का वेरीफिकेश करवा रहे हैं। नोटिस देकर निर्माण का फोटो मंगवाया है। फोटो का सत्यापन करवा रहे हैं। जो फोटो नहीं भेजेंगे उनकी जमा रकम राजसात होगी। जिससे हम निर्माण करवाएंगे।

**-मोनिका वर्मा,** निगम आयुक्त रिसाली

**टेंडर जारी**

हमने टेंडर जारी कर दिया है। जमा रकम वालों के पैसे से हम उन लोगों के यहां निर्माण करवाएंगे।

**-राजीव पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

**नोटिस भेजा है**

हमने ऐसे लोगों को नोटिस भेजा है। उसके बाद टेंडर की कार्रवाई करेंगे। जमा पैसे से निर्माण कार्य होगा।

**-डीएस राजपूत,** आयुक्त भिलाई -चरोदा

**नोटिस दिया है**

एफडीआर वापस नहीं ले जाने वालों को नोटिस दिया है। आगे टेंडर निकालने की तैयारी है ताकि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सभी के यहां हो।

**-गिरीश दीवान,** नोडल अधिकारी नगर निगम दुर्ग


**क्यों जरूरी है रेन वाटर हार्वेस्टिंग:** रेनवॉटर हार्वेस्टिंग बारिश के पानी को जमा करने का एक तरीका होता है। बारिश पानी छत से पाइप के माध्यम से होकर जहां बोरवेल होता है वहां समाहित करते हैं। इसके लिए एक चौकोर आकार का सोखता निर्माण किया जाता है। बोरवेल में पानी का लेवल दोबारा सामान्य स्थिति में पहुंच जाता है।

# हत्या के बाद से नाबालिग थे फरार बालिग होने के बाद पकड़ाए, केस चला, दोषसिद्ध होने पर उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नेवई थाना अंतर्गत खोरपा नाला में मिली हरि प्रसाद देवांगन की लाश के मिलने के 6 साल पुराने मामले में कोर्ट ने घटना समय नाबालिग रहे दो को हत्या और लूट दोषी मानते उम्र कैद की सजा सुनाई।

अपर सत्र न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। मामले में सरकारी वकील ने यह तर्क दिया कि घटना के बाद से नाबालिग फरार चल रहे थे, जब उन्हें पकड़ा गया, तो वे बालिग हो चुके थे। घटना समय उनकी उम्र 17 वर्ष के करीब थे। न्यायिक दृष्टांत के आधार पर कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया। घटना समय नाबालिग रहने वाले दो आरोपियों को कोर्ट ने धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 500 रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि जमा नहीं करने पर उन्हें 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी प्रकार धारा 120 बी में 3 वर्ष, 200 रुपए अर्थदंड, धारा 365 में 3 वर्ष, 200 रुपए, धारा 364 में 7 साल, 500 रुपए, 201 में 3 वर्ष, 200 रुपए और धारा 394 में 7 वर्ष, 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में तीन आरोपी संजू वैष्णव, आकाश, मनीष को पहले ही सजा हो चुकी है।



प्रकरण के मुताबिक घटना 18-19 की दरम्यानी रात की है। मृतक हरि प्रसाद अपनी पाटन स्थित कृष्णा ज्वेलर्स को बंद कर साइकिल से लौट रहा था। तभी दो नाबालिग सहित तीन बालिग आरोपियों ने कार से पहले हरिप्रसाद को टक्कर मारी। इसके बाद मारपीट कर गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। बाद में शव को घटना स्थल पर ले जाकर फेंक दिया। आरोपियों ने मृतक के पास दुकान की चाबी निकाल ली थी। अगले दिन दुकान में जाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

इधर हरि प्रसाद के घर नहीं लौटने पर उसके बेटे आनंद ने पुलिस में गुमशुदगी की सूचना दी। इसके बाद से पुलिस मृतक के बारे में पतासाजी कर रही थी। पाटन पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लड़कों के हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों के ज्वेलरी शॉप में चोरी की घटना का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस की जांच के बाद हत्या की इस पूरी गुत्थी का खुलासा हुआ। मामले में पुलिस ने बालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोषियों को सजा सुनाई गई। नाबालिग के मामले में पैरवी करते हुए अधिवक्ता संजय सिंह ने कोर्ट को वस्तु स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद दोनों नाबालिग पर दोष सिद्ध पाया गया।

### परिस्थिति जन्य साक्ष्य बना सजा दिलाने का प्रमुख आधार

अधिवक्ता संजय सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपियों ने शव को खेत में ले जाकर जला दिया था। मौके से सिर्फ हड्डियां, मृतक की अंगूठी और कुछ सामान मिला था। पुलिस ने जब आरोपियों से पूछताछ की, तब उनकी निशानदेही पर कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलते गए। बुजुर्ग का बाल आरोपियों की कार से मिला। यह सबसे बड़ा आधार बना। इस प्रकार परिस्थितिजन्य साक्ष्य की मदद से पुलिस ने चार्जशीट तैयार की। कोर्ट में प्रकरण को प्रस्तुत किया गया, जहां आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया।

# पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर दंपती से ठगी

**भिलाई।** जॉब ऑफर का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। साइबर पुलिस ने बताया कि मैत्री नगर रिसाली स्वराज व पत्नी प्रिया बेनर्जी के पास 25 जून को टेलीग्राम आईडी पर विधि शर्मा के आईडी से पार्ट टाइम जाब का मैसेज आया। मैसेज में यूट्यूब का लिंक भेजने, वीडियो देखकर लाइक, कमेंट कर स्क्रीन शॉट लेकर अन्य टेलीग्राम आईडी जेमिनी रिसेप्शन-2 में भेजने का काम बताया गया। ऐसा करने पर विधि शर्मा आईडी से सैलरी कोड एजी 4506 दिया गया। उक्त सैलरी कोड को बेनर्जी दम्पत्ति ने जेमिनी रिसेप्शन-2 आईडी में भेजे। उसके बाद जेमिनी रिसेप्शन-2 आईडी में पीड़ित को समझाया गया और युपीआई आईडी में 150 रुपए मिल गए। इस तरह भरोसे में लेकर पूरे 32 टास्क पूरे करने दिया गया। एक टेलीग्राम आईडी में एक लिंक भेजा गया। उस लिंक में जाकर विडियो को लाइक, कमेंट करके स्क्रीन शाट लेकर भेजा गया। स्वराज बेनर्जी के मुताबिक आईडी में कुल 6 टास्क पूरे किए गए। इसके लिए 1010 रुपए लगाने कहा गया। 1010 रुपए अंजली के भेजे गये युपीआई आईडी में डाल दिया। इस तरह अलग-अलग समय से अज्ञात के खाते में करीब 10 लाख 60 हजार 912 रुपए ट्रांसफर किया। ठगी का संदेह होने पर शिकायत साइबर पुलिस थाने में की गई।

### सामान्य सभा 9 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।






**बिलासपुर जोन के अंतर्गत आने वाले सांसदों की बैठक, विजय बघेल हुए शामिल**

# दुर्ग-पुरी वंदेभारत चलाई जाए, जम्मूतवी हफ्ते में तीन दिन चले


हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल की बैठक में सोमवार को रायपुर में हुई। बैठक में दुर्ग सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कई जरूरी सुझाव भी दिए। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों के सांसद भी मौजूद थे। सांसद ने भिलाई-तीन रेलवे स्टेशन में सभी जरूरी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के ठहराव का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भिलाई-तीन रेलवे स्टेशन दुर्ग जिले का पुराना स्टेशन होने के साथ जंगशन भी है। मुंबई-हावड़ा रेलवे लाइन का प्रमुख केंद्र है। बावजूद इसके लंबे समय से इस स्टेशन में प्रमुख एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव नहीं है। उन्होंने आंध्रप्रदेश के लिए पलासा एक्सप्रेस शुरू करने की दिशा में भी प्रस्ताव तैयार करने कहा। मरोदा स्टेशन से दुर्ग लिंक केबिन लाइन को चालू करने की भी बात कही। इसके नेटवर्क से मरोदा और भिलाईनगर कनेक्ट रहेंगे। सांसद ने यात्री सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन को हफ्ते में तीन दिन चलाया जाए। माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए यह एक मात्र ट्रेन है, जो हफ्ते में सिर्फ एक दिन चलती है।एक दिन चलने से यात्रियों को काफी कठिनाई होती है। इस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रस्ताव रखा है। श्रद्धालुओं और आम यात्रियों को इससे काफी सुविधा होगी।

### भिलाई-दुर्ग में यात्रियों का दबाव ज्यादा, इसलिए ट्रेनें बढ़ाई जाए

सांसद ने भिलाई-दुर्ग में यात्रियों के बढ़ते दबाव को देखते हुए सुविधाओं के विस्तार की बात कही। उन्होंने कहा कि रीवा से बिलासपुर तक चलने वाली ट्रेन को दुर्ग तक बढ़ाया जाए। दुर्ग समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इससे राहत मिलेगी। रीवा, सतना के रहवासी बड़ी संख्या में भिलाई-दुर्ग में निवासरत हैं। उन्होंने लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने और आरक्षण कोटा बढ़ाने के भी निर्देश दिए। दल्लीराजहरा मार्ग को लेकर उन्होंने कहा कि इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जाने की आवश्यकता है। इससे ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को जगह की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। दुर्ग से पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस के दुर्ग से संचालन का भी प्रस्ताव रखा है। वंदे भारत जैसी तेज और आधुनिक ट्रेन के संचालन से दुर्ग को अन्य प्रमुख शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### दुर्ग जिले के चार प्रमुख स्टेशनों का हो रहा कायाकल्प



अधिकारियों ने सांसद को अवगत कराया कि दुर्ग जिले के चार प्रमुख स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसमें दुर्ग, भिलाईनगर, पावर हाउस और भिलाई-तीन स्टेशन शामिल हैं। रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भोजराज नाग, महेश कश्यप, रूपकुमारी चौधरी, रंजीत रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह चौहान, सद्दाम सोलंकी, डीआरएम दयानंद सहित अन्य मौजूद थे। तरुण प्रकाश ने कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मिलेगा। बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों का ब्यौरा माननीय सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# स्वास्थ्य क्षेत्र में आपके अनमोल देखभाल व समर्पित सेवा के लिए आपका कोटि-कोटि धन्यवाद

## एक ही मकसद, रोगों को हराना है, जिंदगी को बचाना है..

**बरसात का मौसम आया गया है। कहीं अधिक तो-कहीं कम, पानी बरस रहा है। देश के कई हिस्सों में बाढ़ आ गई है। आप घर से बाहर निकले और भींग गए तो क्या होगा ? कहीं बीमार पड़ गए तो क्या करें ? इस मौसम में मलेरिया भी खूब फैलता है।**



अगर सावधानी रखें तो अस्वस्थ होने से बचा जा सकता है। रात्रि में पहला काम ये करें कि नंगे बदन कभी न सोयें हल्का कुर्ता या बनियान पहन लें। कहना यह है कि इस मौसम का कोई भरोसा नहीं रहता है। किसी दिन रात में बहुत उमस हो सकती है और किसी रात में सर्दी या ठंडक हो सकती है और यदि कुछ समय पानी ना बरसे तो गर्मी भी झेलनी पड़ सकती है। इसलिए इस मौसम का कोई ठिकाना न होने के कारण यानि बाहरी टेम्परेचर के स्टेबल न होने के कारण शरीर के मेटाबोलीज्म पर असर पड़ता है और जब आराम करते समय शरीर की मांसपेशियों की कंडीशनिंग प्रक्रिया होती है, तब इस टेम्परेचर का असर पड़ता है। बनियान पहन कर इस स्ट्रेस से बचा जा सकता है। यदि मौसम अनुकूल हो तो इच्छा अनुसार कपड़े पहन सकते हैं। जिन्हें एयरकंडीशन में रहने की आदत है, वे वातानुकूलित भवन में रह सकते हैं। इस मौसम में पानी से भीगने से बदन दर्द, मांसपेशियों का दर्द, कमर दर्द और मांसपेशियों में खिंचाव जैसी तकलीफें हो सकती हैं। सर्दी-जुकाम, खांसी, घुटनों का दर्द आदि तकलीफें हो सकती हैं।



मलेरिया बुखार सर्दी, गर्मी से पैदा बुखार, पतले दस्त, अतिसार (डाइरिया), फंगस की परेशानियां, चर्म रोग, पेट की तकलीफें, लीवर की परेशानियां, कोलरा (हैजा), वायरल इनफेक्शन बहुत होते हैं। इन सब से बचा जा सकता है। इस मौसम में अदरक (जिंगर) का उपयोग करना फायदेमंद है। चाय में अदरक डालकर दिन में दो-तीन बार पीने से पेट से संबंधित विकारों से बच सकते हैं। इसके छोटे-छोटे टुकड़े करके भोजन करने से पहले सेंधा नमक मिलाकर खा लें। इसे बरसात के सीजन में होने वाले तापक्रम (मौसम) के घटने और बढ़ने से शरीर में पड़ने वाले दबाव से बचा जा सकता है। इस सीजन में खान-पान में बहुत ऐतियात बरतनी चाहिए। हो सके तो गर्म खाना और ताजा खाना खायें। बासी और देर तक रखा हुआ खाना न खायें, क्योंकि रखा हुआ भोजन बरसात की नमी के वजह से जल्दी खराब होता है। इसलिए कोशिश यही करनी चाहिए कि ताजा और गर्म भोजन करें। खट्टी चीजें, दही और देर तक रखा हुआ दूध न पीएं, खट्टा दही नुकसान करता है। बरसात के दिनों में दही बहुत जल्दी खट्टा हो जाता है। इसलिए दही ना खाये तो अच्छा है। तिरकुट (सोंठ), काली मिर्च और छोटी पीपल बराबर लेकर पाउडर बना लें। इस चूरण को भोजन के साथ एक या दो ग्राम की मात्रा में खाने से बरसात में होने वाले अधिकांश रोगों से बच सकते हैं।






AAROGYA CLINIC & HOSPITAL
सेवाएँ
पैथोलॉजी X-RAY ECG फिजियोथैरेपी
आयुष्मान भारत की सुविधा उपलब्ध
Licence No. DURG0495/HOS
Dr. Anil Vivek Sinha — DNB (MD) Medicine जनरल फिजिशियन
Dr. Deepak Sinha — शिशु रोग विषेषज्ञ
Dr. Divya Pandey — स्त्री रोग विशेषज्ञ
Dr. Abhishek Mohobiya — हड्डी रोग विशेषज्ञ
Dr. Uttam Chandravanshi — फिजियोथेरिपिस्ट
Dr. Arun Katare — ऑर्थो पेडिक्स
24 Hrs. Emergency Service Available
0788-3555938, 8806079400
Sindhiya Nagar, Main Road, Durg (C.G.)

Ankriti DENTAL CARE
Happy Doctor's Day
Dr. Divya Chaurasia BDS, MDS
AVAILABLE SERVICES
❖ Digital X-ray
❖ Root Canal Treatment
❖ Cosmetic Filling
❖ Complete Denture
❖ Pediatric Dentistry
❖ Jaw Fracture
❖ Scaling And Polishing
❖ Disimpaction
❖ Ortho Treatment
❖ Painless Extraction
❖ All Types of Dental Fillings
❖ Crown & Bridge
❖ Diagnosis and Treatment of Cancerous & Pre-Cancerous Lesions
❖ Scaling And Polishing
❖ Teeth Whitening
❖ Teeth Reshaping
❖ Tobacco De-addiction
Time: Morning 10 am to 01 pm Evening 4 pm to 8 pm Sunday Closed
142/29, Smriti Nagar-Junwani Road, Opposite to Jagdamba Dairy Katulboard, Durg (C.G.) Mob.: No. 9109839545

हृदय की रेग्युलर चेकअप है जरूरी
HAPPY DOCTORS' DAY!
कोविड के बाद हमारे हार्ट की परिस्थिति, हार्ट के बिमारी में अलग तरीकों से ईजाफा हुआ है, कम उमर में हार्ट अटैक होने की इन्सडिन्स बड़ा है, इसलिए चेष्ट पेन को गैसटिक न माने, रेग्युलर चेकअप आज भी उतना अनिवार्य है जो व्यक्ति पहले से हार्ट की बिमारियों से ग्रसित है उन्हें और भी सतर्क रहता चाहिए, कोविड दुबारा प्रकोप फैलाने की कोशिश कर रहा है। पूर्व कोविड ने हमारे शरीर पर विशेषकर हार्ट एवं फेफड़ो पर कहीं न कहीं ये ऐसा छाप छोड़ गया है जो भविष्य में हमें घातक सिद्ध हो सकता है, इसलिए कभी भी किसी प्रकार के चेष्ट पेन को हल्के में न लें।
डॉ. रंजन सेनगुप्ता
हृदय रोग, शल्य विशेषज्ञ
- Cardio thoracic & Vascular Surgan (Altis Group)
- Ex. Associate Consultant, Escorts Heart Institute, New Delhi
- Ex. Sr. Consultant Cardiac Surgeon, J.L.N. Hospital, Bhilai
- Ex. Consultant and HOD Ramkrishna Care Hospital Raipur
HITEK HOSPITAL BHILAI
Mob.: 97529-93546

सोनो ग्राफी, डिजिटल एक्स-रे, खून जाँच केन्द्र
आस्था डायग्नोस्टिक्स
बाजार रोड, सॉंई कॉलोनी, आई.डी.एफ.सी. बैंक के सामने, उतई
Call : 0788-2992523
संबंधित संस्थान
आस्था हॉस्पीटल
मो.: 9981376072, 8103731401, 8251089997
24 HOUR EMERGENCY SERVICE
24 घंटे भर्ती एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
नोट : असुविधा से बचने के लिए पूर्व पंजीयन कराएं
Call : 0788-2673872

SATYADEEP™ DIAGNOSTICS & CLINIC
The Care a Trust
पताः- शॉप नं.1, लक्ष्मी मार्केट रोड, सुपेला, भिलाई
9179389854 satyadeepdiagnostic@gmail.com
सोनोग्राफी, एक्स-रे, पैथोलॉजी, ई.सी.जी.
बी.पी.एल./स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्डधारी, कैंसर के मरीजों एवं वरिष्ठ नागरिकों को हर जाँच पर 40% की भारी छूट
महिलाओं की सोनोग्राफी महिला डॉक्टर के द्वारा की जाती है।
सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, ई.सी.जी., ओ.पी.डी., डिजिटल एक्स-रे, 3डी-4डी सोनोग्राफी, खून-पेशाब जाँच केन्द्र कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
डॉ. सौरभ साव
मेडिकल डायरेक्टर एवं कंसलटेंट
समय : प्रतिदिन सुबह 9:00 से रात 9:00 बजे तक

डॉ. (श्रीमती) शैल वर्मा
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
रजिस्ट्रेशन नं. सी.जी. 55505
मनोरोग विशेषज्ञ
पूर्व मनोचिकित्सक सेक्टर-9, अस्पताल, भिलाई
पूर्व मनोचिकित्सक इस्पात जनरल हॉस्पिटल, राउलकेला
मो.: 7089250810
Happy Doctors Day
(M.S.) Psychotherapy and Counselling
पागलपन, मिर्गी, सिरदर्द, मतिभ्रम, स्मृति विभ्रश, उन्माद, डिप्रेशन, चिन्ता, अनिन्द्रा, नींद में चलना, नशा उन्मूलन, घबराहट, कान में आवाज आना, अत्यधिक शक, शिशु संबंधी, मानसिक समस्या, विवाहेत्तर समस्या, किशोरावस्था की सांगतिक समस्या
क्लीनिक एवं नशा मुक्ति केन्द्र हेतु
रमावती मेडिकल, स्टेशन चौक, गुरूद्वारा रोड, उत्सव पैलेस के सामने, दुर्ग (छ.ग.)
निवास : क्वा.न. 117/अ, स्ट्रीट नं. 28 स्मृतिनगर, भिलाई (छ.ग.)
परामर्श समयः सुबह 10 बजे से शाम 7.30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

गुप्ता नर्सिंग होम
मोहन नगर, दुर्ग फोन : 0788 2214161
- पैथालॉजी
- नार्मल डिलीवरी
- ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी
- नसबंदी एवं हर तरह की फेमिली प्लानिंग सलाह
- महिलाओं के हर तरह की बीमारी के इलाज की सुविधा
- निःसंतान दंपत्ति विशेष जांच तथा अत्याधुनिक इलाज की सुविधा
- लेप्रोस्कोपी द्वारा बच्चादानी एवं अन्य ऑपरेशन की सुविधा (बिना चीर-फाड़ के)
- अन्य वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा इलाज की सुविधा
- कम से कम खर्च एवं कम से कम समय में बढ़िया इलाज
Happy Doctor's Day
गुप्ता मेडिकल स्टोर्स

होम्योपैथिक एलर्जिक क्लिनिक
डॉ. संजय मनवानी
BHMS, PGNAHI, GOLD MEDALIST
Since-2001
विशेष- एलर्जिक अस्थमा, एलर्जिक राईनाइटिस, डस्ट एलर्जी, बार-बार छींके आना, बच्चो का बार-बार बुखार आना, एलर्जिक अर्थकेरिया, खुजली का जड़ से होम्योपैथिक इलाज
प्रदिप्ति नगर, बोरसी, समय- सुबह 9.30 से 11.00
स्टेशन रोड, सिंधी कालोनी, PNB के पीछे, दुर्ग सुबह 11.00 से शाम 8.00
0788-4011329, 98271-56836
हर शनिवार रायपुर में 215, GRAND MARIDIAN, OLD SAMRAT TALKIES FAFADIH CHOWK, STATION ROAD, RAIPUR
खैरागढ़ हर प्रथम और तृतीय रविवार
नये मरीज APPOINTMENT पर ही देखे जाते है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण
अपेक्स आई हॉस्पिटल एवं रेटिना सेंटर
मरीजों की सेवा में तत्पर है
Apex Eye Hospital & Retina Center
www.apexeyehospital.com
NABH Certified
◆ AYUSHMAN BHARAT ◆ CG VIDYUT MANDAL
◆ SAIL MEDI-CLAIM ◆ CASHLESS TPA/ HEALTH INSURANCE
समस्त नेत्र संबंधित परीक्षण तथा चिकित्सा सुविधाएं
- रेटिना का सरकना
- आँखों के आगे काले धब्बे आना
- मोटा चश्मा लगाने वाले व्यक्ति को रेटिना दोष
- मोतियाबिन्द ऑपरेशन के बाद कम नजर आना
- डायबिटिक और ब्लड प्रेशर से रेटिना दोष
- पर्दे का ऑपरेशन एवं लेजर की सुविधा
स्वरूप टॉकीज के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग
मो.: 9993368086 फोनः 0788-4015008

यशोदा नंदन
चिल्ड्रन हॉस्पिटल
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
NABH CERTIFIED
Happy Doctor's Day
दुर्ग शहर का सबसे विश्वसनीय सर्व सुविधा युक्त बच्चों का अस्पताल
24 घंटे आपातकालिन एवं भर्ती सुविधा उपलब्ध। आयुष्मान भारत योजना से इलाज की सुविधा उपलब्ध। TPA कैशलेश सुविधा उपलब्ध। 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध।
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश वाल्मिक (MBBS, DCH)
डॉ. पुलक जैन (MBBS, DCH, DNB) Gold Medalist
डॉ. रचना जैन (MBBS, DCH, DNB) Gold Medalist
डॉ. सुमीत पारख (MBBS, DCH, DNB)
उपलब्ध सुविधाएँ
- Stote of the art NICU नवजात शिशुओं का (ICU) Including care for Preterm, Term, Low Birth Weight, Septic and Very Serious Newborn.
- सर्वसुविधा युक्त बच्चों का ICU (PICU)
- Ventilator की सुविधा उपलब्ध।
- HFOV Ventilator की सुविधा उपलब्ध।
- LED Phototherapy की सुविधा उपलब्ध।
- 2D ECHO की सुविधा उपलब्ध।
- Pediatric Cardiologist की सुविधा उपलब्ध।
- प्रतिदिन टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
- 24 घंटे Pathology, X-Ray, Pharmacy की सुविधा उपलब्ध।
- AC Private Room की सुविधा उपलब्ध।
स्टेशन रोड, सिंधी कॉलोनी, गुरूद्वारा के पास, दुर्ग (छ.ग.)
0788-4701414 ynchdurg@gmail.com


गंगोत्री
हॉस्पिटल एवं ब्लड सेंटर
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता आपका विश्वास, हमारी सफलता
उपलब्ध सुविधाएं
जनरल मेडिसीन, प्रसुति व स्त्री रोग, नाक, कान, गला रोग, अस्थि व वात रोग (हड्डी) आपातकालीन चिकित्सा, शिशु व बाल रोग, चर्म रोग (चमड़ी) मस्तिस्क एवं मूत्र संबंधीत, समस्त रोग, जनरल व लेजर एवं जटिल, सर्जरी की सुविधा।
Happy Doctor's Day
दुर्ग शहर का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त आधुनिक कैथ लैब जहाँ जटील से जटील हार्टअटैक का ईलाज किया जा रहा है
रक्तदान को बनाइये अभियान रक्तदान करके बचाइये जान.
विशेष - ब्लड बैंक, ICU, NICU प्राइवेट रूम रेडियोलॉजी, रेडियोलॉजी एवं एम्बुलेंस की सुविधा
डायरेक्टर-डॉ. ओ.पी. कराडे
इन्शोरेंस बैंक से मान्यता प्राप्त कैशलेश सुविधा के लिए उपलब्ध (TPS) एवं बैंक
Medi Assist, TATA AIG, BAJAJ Allianz, MD India, SBI general, HDFC ERGO, Universal Sompo, IFFCO
काली बाड़ी मंदिर के सामने, तुलाराम स्कूल के पास, ओम परिसर, आर्य नगर, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क : 8827774321, 0788-3500150, 3500151

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
Healing Hands, Compassionate Hearts, Today We Celebrate The REAL HEROES In White Coats.
Happy Doctors Day
to those who make hope possible every day!
For Emergency Call: 72250 59701
Deepak Advts.

K. GURUNATH HOSPITAL
CARDIAC/MATERNITY
अत्याधुनिक सुविधा के साथ नए CATH LAB शुरूआत
Dr. K. Gurunath
MD, DM (Cardiologist) FESC, FCSI, Interventional Cardiologist
24x7 facility for ICCU & Interventional Procedures
Angiography, Angioplasty, BMV Pacemaker Implantation, 2D-Echo Cardiography, Doppler & Colour Flow Imagining Peodiatric & Foetal Echo Cardiography, TEE (Transesophageal Echo Cardiography)
Plot No. 19, Priyadarshini Parisar (E), G.E. Road, Supela, Bhilai Phone : 0788-2294377

# HAPPY DOCTOR'S DAY





## डॉ. राय की याद में मनाते है
# डॉक्टर्स-डे

महान भारतीय चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय का जन्म दिवस 1 जुलाई को मनाया गया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. बिधानचंद्र राय (जन्म-1 जुलाई, 1882 बिहार-मृत्यु 1 जुलाई 1962) को एक वरिष्ठ चिकित्सक, विद्वान - शिक्षाविद निर्भिक स्वतंत्रता सेनानी, कुशल राजनीतिज्ञ, 1961 में भारत रत्न से सम्मानित और प्रसिद्ध समाज सेवक के साथ-साथ आधुनिक भारत के राष्ट्र निर्माता के रूप में भी बड़ी श्रद्धा व सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एक बड़ा जागरूकता अभियान जो सभी को मौका देता है। डॉक्टरों की भूमिका महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही साथ, चिकित्सकीय पेशेवर को इसके नजदीक आने और, अपने पेशे की जिम्मेदारी को समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉक्टर्स डे वह विशेष अवसर है जिसमें हम फैमिली डॉक्टर्स से लेकर डेन्टिस्ट को धन्यवाद कहते है, जो हमारे हेल्थ केयर में मदद कर हमारे जिंदगी की गुणवत्ता को बेहतर करते है। डॉक्टर के समर्पण कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, लगन को सम्मानित करने के लिए हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है।


















15



फोटोग्राफी के जनक जोसेफ नीसेफोर को किया याद

**लाइव इवेंट**

## नुपूर संभागीय प्रवक्ता बनी, बैठक में सामाजिक एकजुटता का संदेश



**भिलाई।** समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति परिषद इकाई खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की बैठक हुई। बैठक को लेकर जिलाध्यक्ष डाली तिवारी एवं सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि दुर्ग संभाग के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संगठन विस्तार किया जा रहा है। इसे लेकर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश संयोजक पं. रामानुज तिवारी ने कहा कि सामाजिक संगठन में सहयोगी के रूप में हम सभी का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक कार्यों में सेवा प्रदान करना है। विस्तार प्रमुख अनुसुइया झा ने कहा कि हमारी संगठनात्मक कार्यशैली से सामाजिक स्वजनों का प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होना ही सामाजिक कार्यों में हमारे समर्पण को प्रदर्शित करता है। समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ परिवार के अभिन्न अंग होने के नाते हम सभी को आपसी सामंजस्य बनाये रखते हुए वैचारिक रूप से एक होना आवश्यक है। रायपुर शहर संयोजक कालिंदी उपाध्याय, विस्तार प्रमुख संध्या उपाध्याय ने कहा कि सभी सहयोगी बहनों के सहयोग से लगातार पर्यावरण संरक्षण, सनातन धर्म एवं समाज हित के विभिन्न संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने का सतत प्रयास किया जा रहा है, जो कि संपूर्ण संगठन परिवार के लिये अनुकरणीय है। प्रकृति श्रृंगार अभियान के अंतर्गत वैष्णो माता मंदिर बघरमपाठ में पूजा आरती की गई। मंदिर परिसर में पुष्प के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस स्थान में प्रदेश के विभिन्न जगहों की मिट्टी को लाकर माता वैष्णो की मूर्ति स्थापित की गई है। 12 विद्वान पुरोहितों द्वारा अनुष्ठान किया गया है।

### मुख्य और युवा परिषद की कार्यकारिणी का विस्तार जल्द

बैठक में सनातन धर्म एवं समाज हित सहित आगामी सावन माह में प्रस्तावित आयोजनों के विषय में भी चर्चा की गई। संगठन के प्रदेश समन्वयक पंडित प्रेम शंकर शुक्ला ने बैठक में प्रेमलता तिवारी एवं रोहिणी शर्मा को कार्यकारिणी गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। नुपूर तिवारी को दुर्ग संभाग प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इस अवसर विमला शर्मा, शैल शर्मा, सरिता शर्मा, श्यामा तिवारी, श्रद्धा तिवारी, अंजू पांडेय, श्रद्धा दुबे, सीमा मिश्रा, अर्चना दुबे, अंजू तिवारी, रुपा उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

**साध्वी अक्षयमति और निर्मदमति ससंघ चातुर्मास के लिए पहुंची पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेहरूनगर**

# चातुर्मास प्रवास पर पद विहार कर आर्यिका पहुंची जैन मंदिर, स्वागत में तैयार किए तोरण द्वार, रंगोली से सजाया मार्ग, नाचा के बीच तीर्थंकरों का जयघोष

जैन समाज के चातुर्मास को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। साधु, संत, साध्वी, आर्यिकाओं का पदविहार कर ट्विनसिटी पहुंचने का क्रम शुरू हो चुका है। इसी क्रम में विद्या समय आदर्श वर्षायोग 2025 के रूप में चातुर्मास प्रवास पर आचार्य विद्यासागर से दीक्षित आचार्य समयसागर के आशीर्वाद व ज्येष्ठ आर्यिका आदर्शमति के निर्देशन में आर्यिका अक्षयमति एवं आर्यिका निर्मदमति का संघ नेहरू नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह आर्यिकाओं का भव्य स्वागत किया गया। छोटे बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने स्वागत गीत गाए। सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से आर्यिकाओं का सम्मान किया गया। मंदिर में प्रवेश कराया गया।






**भिलाई।** रुआबांधा जैन मंदिर से पदविहार कर आर्यिका संघ ने नेहरूनगर प्रवेश किया। उनकी भव्य आगवानी के लिए जैन समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। उनके आगमन को लेकर तोरण द्वार तैयार किया गया, रंगोली से मार्ग को सजाया गया। सजी हुई घोड़यिां, बग्गियां, नन्हें बालक-बालिकाओं के हाथों में जैन ध्वज नजर आया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी नाचा मंडली, बैंड बाजे, नारों व जयकारों के दिव्यघोष के बीच आर्यिकाओं का नगर में स्वागत किया गया। कलश लिए हुए पंक्तिबद्ध विभिन्न पारम्परिक वेशभूषा में महिलाएं नजर आईं। आर्यिका संघ, बालिकाएं व झांकियों की प्रदर्शनी से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली गई। आर्यिका संघ के चातुर्मास हेतु आगमन पर अंचल का वातावरण धर्ममय नजर आया। बता दें कि समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर की मुनि दीक्षा 30 जून 1968 को किशनगढ़ राजस्थान में आषाढ़ शुक्ल पंचमी के दिन हुई थी। 58 वर्ष बाद तिथी और दिनांक का संयोग तथा भिलाई में 58 वर्षो के इतिहास में आचार्य विद्यासागर संघ का प्रथम चातुर्मास प्राप्त हुआ है। 30 जून को आगवानी के दिन ही आर्यिका अक्षयमति जी का 34वां दीक्षा दिवस भी सुखद संयोग रहा। आर्यिका संघ आगमन व दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में जैन भवन में नेहरू नगर में आर्यिका संघ की भव्य आगवानी उपरांत माता जी के चरण प्रक्षालन किया गया।

### 8 थालियों में द्रव्य सजाकर विधि-विधान के साथ की गई पूजा अर्चना

मंगलाचरण, आचार्य महाराज की अष्टद्रव्य से पूजन की गई। अनेकान्त जैन, राशि जैन, मंजूषा जैन ने आचार्य श्री की संगीतमय पूजा करवाई। सेक्टर 6 महिला मंडल द्वारा 8 थालियों में द्रव्य सजाकर पूजन में समर्पित की। चातुर्मास संयोजक जितेन्द्र जैन ने भारतवर्षीय व विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की समस्त जैन समाज के पदाधिकारियों तथा सभी भक्तों को नेहरूनगर चातुर्मास में अपनी उपस्थिति व धर्मलाभ लेने हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन क्षितिज जैन ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीत जैन, अशोक पहाड़यिा, महावीर पाटनी, युवा संघ अध्यक्ष सचिन जैन, गौरव जैन, श्रीमती चेलना जैन, वंदना जैन, अंकिता जैन, ऋचा जैन, पूजा जैन आदि हज़ारों श्रावक श्रविकाओं व बच्चों ने धर्मलाभ लिया।




### श्री उवसग्गहरं पार्श्वतीर्थ नगपुरा में भव्य सामूहिक चातुर्मास 6 से

**भिलाई।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में इस वर्ष भव्य चातुर्मास आयोजित है। चातुर्मास का विधिवत प्रवेश दि 6 जुलाई सुबह 8 बजे होगा! तीर्थ प्रबंधन की विनंति पर तीर्थोध्दार-जीर्णोद्धार मार्गदर्शक गच्छाधिपति आचार्य भगवंत विजय राजयश सूरीश्वर ने अपनी आज्ञानुवर्तिनी साध्वीलक्ष्ययशा श्री, व्याख्यात्री साध्वी लब्धियशा श्री, आज्ञायशा श्री को तीर्थ में चातुर्मास आराधना हेतु भेजा है। बता दें कि साध्वीवृंद तीर्थ में 2018 एवं 2019 में सामूहिक चातुर्मास आराधना के साथ पोष दशमी महोत्सव एवं संस्कार शिविर के आयोजन में निश्रा प्रदान की थी। हैदराबाद, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, कर्णाटक, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विभिन्न शहरों में आयोजन के माध्यम से तीर्थ को जगह-जगह प्रतिष्ठित किया। अब तक लगभग 161 स्थानों पर उवसग्गहरं -उत्सव का आयोजन किया जा चुका है। तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया ने बताया कि इस वर्ष पूज्य साध्वीवृंद की निश्रा में देशभर से लगभग 207 आराधकगण तीर्थ परिसर में सामूहिक चातुर्मास की आराधना करने पधार रहे हैं। 6 जुलाई की सुबह 8 बजे बाजे-गाजे, रथ, घोड़ा, बैंड,जुलूस के साथ भव्य चातुर्मास प्रवेश-उत्सव आयोजित है। चातुर्मास आराधना के अंतर्गत प्रतिदिन प्रवचन, प्रत्येक रविवार को विशिष्ट महापूजन, प्रत्येक शुक्रवार को अधिष्टायिका देवी पद्मावती माता को चुनरी समर्पण, रात्रि में भक्ति-भावना सम्पन्न होगा।

**सिटी इवेंट**

## जल संरक्षण के उद्देश्य के साथ पाटन के टोलाघाट से निकलेगी कांवर यात्रा



**भिलाई।** पाटन पाटन विश्राम गृह में बोल बम कांवर यात्रा समिति की बैठक हुई। संयोजक जितेंद्र वर्मा कांवर यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र माह में प्रतिवर्ष होने वाले कांवर यात्रा की योजना तैयार कर ली गई है। भगवान शंकर के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से कांवर यात्रा हर वर्ष भव्य होते जा रहा है। इस वर्ष भी कांवर यात्रा का आयोजन सावन के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को सर्वे भवंतु सुखिनः एवं जल संरक्षण के पावन उद्देश्य को लेकर किया जाएगा। पिछली बार विश्व कल्याण की कामना को लेकर कांवर यात्रा निकाली गई था। टोलाघाट में रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा। गांव–गांव में तैयारी को लेकर बैठक करने के लिए प्रभारी बनाए हैं। एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से एकत्र चांवल से महाप्रसादी बनेगा, जिसे भक्तों को वितरित किया जाएगा। बैठक में कमलेश वर्मा, निशा सोनी, रानी बंछोर, दिनेश साहू, अनिल वर्मा, दाऊ केदार नाथ चंद्राकर, प्रमोद वाग, नेतराम निषाद, विनोद साहू, विष्णु निषाद, किरण वर्मा, केशव बंछोर सहित अन्य मौजूद थे।

# साइबर फ्राड से बचने व्यक्तिगत जानकारी किसी से न करें शेयर, ओटीपी न बताएं : डॉ. संकल्प राय

**भिलाई ।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सियान सदन शांतिनगर में हुई। बैठक के बाद जिला पुलिस विभाग के साइबर सेल प्रभारी डॉ. संकल्प राय के नेतृत्व में साइबर फ्राड से बचने जनजागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। साइबर फ्राड से बचाव के तरीके बताए गए। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। बैठक में महासंघ के प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। घनश्याम देवांगन ने कहा कि आजकल साइबर ठगी बहुत बढ़ गई है। साइबर ठगों से बचने वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक होने, सतर्क रहने और आनलाइन ट्रांजेक्शन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। साइबर सेल प्रभारी डॉ. संकल्प राय ने बताया कि जिला पुलिस






अधीक्षक विजय अग्रवाल के नेतृत्व में साइबर फ्राड से बचने जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने साइबर फ्राड क्या है, अपराधी किस तरह के तरीके अपनाते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने लोगों को सावधान किया कि शातीर ठगों के संदिग्ध काल एवं लुभावने आफर के जाल में न फंसे। साइबर फ्राड से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड एवं ओटीपी को किसी से शेयर ना करें। पुलिस अधिकारी ने लोगों से कहा कि अगर साइबर फ्राड के शिकार हो जाएं तो तुरंत पुलिस विभाग के साइबर सेल को 1930 नंबर पर इसकी जानकारी दें। कार्यशाला को साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट आरिफ हुसैन खान एवं पत्रकार अनिल साखरे ने भी जानकारी दी। कार्यशाला में गजानंद साहू, बलबीर सिंह सहगल, बाबूलाल साहू, डॉ एनपी मिश्रा, हुकुमचंद देवांगन, आरएस प्रसाद, नामदेव राव मोरे, दुलारदास साहू, दिनेश कुमार गुप्ता, फूलचंद साहू आदि मौजूद थे।

### महासंगम में भिलाई-दुर्ग के सदस्य भी होंगे शामिल

**भिलाई।** 1 जुलाई को रायपुर में रोटरी क्लब का महासंगम कार्यक्रम आयोजित है। इस आयोजन में भिलाई-दुर्ग के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। आयोजन तीन सत्रों में संपन्न होगा, जिसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा के सदस्य शामिल होंगे। इस अवसर पर नए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रोटरी के इंटरनेशनल के निदेशक एम मुरुगड़म प्रथम बार रायपुर पधार रहें हैं। प्रथम चरण में आरंभ-मित्रता का प्रशिक्षण सत्र होगा। दूसरे सत्र में शाम 4:30 बजे से अक्षय में रोटरी इंटरनेशनल के माध्यम से अधिक सहायता ० अनुदान के माध्यम से समाजहित के कार्यों के लिए रोटरी के इंटरनेशनल के निदेशक एम मुरुगड़म जानकारी दी जाएगी। इसके बाद अंतिम सत्र में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का शपथ ग्रहण होगा।

**सिटी इवेंट**

## नेशनल ताईक्वांडो में 13 खिलाड़ियों ने लिया भाग, दस ने जीते पदक



**भिलाई।** हैदराबाद ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दुर्ग जिले के एलिट ताइक्वांडो अकादमी के 13 बच्चों ने भाग लिया। इनमें से 10 बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करके पदक जीते और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वापसी पर रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। बच्चों के माता-पिता और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

**विशेष ट्रेन जसीडीह, मधुपुर, चांपा, बिलासपुर, रायपुर होते हुए पहुंचेगी दुर्ग**

# रेलवे चला रहा दक्षिण भारत के तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी मल्लिकार्जुन के लिए स्पेशल ट्रेन, 27 को भागलपुर से होगी रवाना

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** ट्विनसिटी के धार्मिक जगहों की यात्रा करने वाले भक्तों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे 27 जुलाई को भागलपुर से एक स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। ट्रेन बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ से होते दक्षिण भारत के अलग-अलग शहरों तक पहुंचेगी। जहां तिरुपति-रामेश्वरम-मदुरै-कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन के दर्शन कराए जाएंगे। दक्षिण भारत यात्रा भारत गौरव नाम से यह विशेष पर्यटक ट्रेन चलाई जा रही है।

12 दिवसीय यह यात्रा भक्तों के लिए आध्यात्मिक रूप से समृद्ध और लागत प्रभावी तीर्थयात्रा का अवसर प्रदान करेगी। यह ट्रेन दक्षिण भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों और पवित्र स्थानों पर दिव्य उपस्थिति का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगी। ट्रेन में भागलपुर, जसीडीह, मधुपुर, बराकर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा, चंपा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग सहित कई बोर्डिंग और डिबोर्डिंग पॉइंट शामिल हैं। यह यात्रा 11 रातों और 12 दिनों में पूरी होगी। ट्रेन 7 अगस्त को वापस आएगी। इसमें दो क्लास की व्यवस्था होगी। स्लीपर क्लास (इकोनॉमी) में 720 यात्रियों को जगह मिलेगी, जबकि थ्री एसी (स्टैंडर्ड) क्लास में 70 सीटें बुक होगी। इस किफायती पैकेज में यात्रियों को कन्फर्म ट्रेन टिकट, सभी भोजन (चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का खाना), डबल, ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर आरामदायक और साफ आवास (इकोनॉमी के लिए नॉन-एसी; स्टैंडर्ड और कम्फर्ट क्लास के लिए एसी), बसों द्वारा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थलों की यात्रा (इकोनॉमी और स्टैंडर्ड क्लास के लिए नॉन-एसी; कम्फर्ट क्लास के लिए एसी), ऑनबोर्ड एस्कॉर्ट, हाउसकीपिंग, सुरक्षा और बुनियादी दवाओं के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था होगी।





### ट्रेन में बारे में 139 और पूछताछ केंद्र में ली जा सकती है जानकारी

इस ट्रेन के बारे में अधिक जनकारी रेलवे के 139 और रेलवे स्टेशनों के पूछताछ केंद्र से ली जा सकती है। ट्रेन सिर्फ एक फेरे के लिए चलाई जा रही है। भारत गौरव यात्रा के नाम से ट्रेन का परिचालन किया जाना तय किया गया है। यह यात्रा आराम और सुरक्षा के साथ कई तीर्थों के दर्शन और आध्यात्मिक पूर्ति प्राप्त करने का एक अद्वितीय मौका प्रदान करेगी। यात्रियों के डिमांड के अनुरूप इसके फेरे बढ़ाए जा सकते हैं। इस ट्रेन को लेकर भक्तों में खासा उत्साव है। सावन के महीने में कराई जाने वाली इस यात्रा को लेकर अभी से यात्री जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। रेलवे ने फिलहाल ट्रेन का शेड्यूल जारी किया है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही अन्य जानकारियां सार्वजनिक की जाएंगी।

### टिकट बुकिंग के लिए आईआरसीटी ने जारी एप्लीकेशन

रेलवे ने टिकट बुकिंग शुरू कर दी है। इसके बारे में अधिक जानकारी आईआरसीटी के एप्लीकेशन से ली जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग विवरण **www.irctctourism.com** में उपलब्ध है। रेलवे टिकट काउंटर में भी ट्रेन नंबर के बारे में जानकारी ली जा सकती है। स्लीपर क्लास इकोनॉमी की 640 सीटों की व्यवस्था की गई है जबकि तृतीय वातानुकूलित श्रेणी में 70 सीटें हैं। भारत गौरव यात्रा की टिकट लेने वाले यात्रियों को रेल यात्रा के साथ-साथ सड़क यात्रा, भोजन (चाय, नाश्ता, लंच, डिनर), डबल/ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर आरामदायक और साफ आवास (इकोनॉमी के लिए नॉन-एसी; स्टैंडर्ड और कम्फर्ट क्लास के लिए एसी), बसों द्वारा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थलों की यात्रा, ऑनबोर्ड टूर एस्कॉर्ट, हाउसकीपिंग, सुरक्षा और पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## सिटी इवेंट

# सीए ब्रांच ने समाज और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का दिया संदेश



**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच द्वारा अपनी रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय विशेष आयोजन पंचविषम सिल्वर स्पेक्ट्रम के तीसरे दिन वॉक फॉर नेशन एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पदयात्रा से हुई, जिसमें सीए सदस्यों ने वॉक फॉर नेशन के माध्यम से पूरे सिविक सेंटर क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति संकल्प का संदेश दिया। इसके बाद आईसीएआई भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया और स्वास्थ्य जांच की सुविधाओं का लाभ उठाया। ब्रांच चेयरमैन सीए राजेश कुमार बाफना एवं सीए वीक कनवीनर सीए मिनेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल सीए सदस्यों के स्वास्थ्य और एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। स्वास्थ्य जांच में विभिन्न रक्त जांच, डेंटल चेकअप, आंखों का चेकअप, त्वचा एवं बाल संबंधी जानकारी एवं फिजियोथेरेपी की निःशुल्क जांच हुई। जिसमें 100 से अधिक सदस्यों ने लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कार्यक्रम के दूसरे दिन पिकनिक डे का आयोजन भी भिलाई शाखा के सदस्यों और उनके परिवारों के साथ उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। पूरे 5 दिवसीय समारोह में कोऑर्डिनेटर्स सीए मिनेश जैन, नितिन रूंगटा द्वारा आयोजन किये जा रहे है, वहीं स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी सीए आनंद दीक्षित, पीयूष जैन, नितिन लूनिया और पदयात्रा के प्रभारी सीए अमित कोचर थे। कार्यक्रम के दौरान ब्रांच सचिव सीए प्रभजीत सिंह जग्गी, साथ ही ब्रांच के सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए तलविंदर सिंह, सीए सुखदेव राठी, सीए दिलीप जैन, सीए अमित राय, सीए राकेश डोडी, सीए भूषण चिपडे, सीए केतन ठक्कर, सीए दीपक जैन, सीए बसंत गुप्ता, सीए आनंद जिम्नानी, सीए पदम बरडिया, सीए सुरेश कोठारी और सीए हर्ष जैन सहित एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

- वॉक फार नेशन का आयोजन
- भिलाई सीए ब्रांच द्वारा अपनी रजत जयंती

## स्पोर्ट्स लाइव

# तेलंगाना में छत्तीसगढ़ की टीम वूशु प्रतियोगिता का करेगी प्रतिनिधित्व





**भिलाई।** भिलाई। 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 6 जुलाई तक तेलंगाना हैदराबाद में भारतीय वूशु महासंघ के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में दुर्ग जिले से फुल कांटेक्ट मार्शल आर्ट्स की संस्था के 4 खिलाड़ी मिशिता साहू, स्वस्ति पाण्डेय, वेदांत साहू और रोहन देवांगन, टीम कोच हर्षिता दुबे के साथ छत्तीसगढ़ टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले इन खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए इन खिलाड़ियों को कोच भरत साहू द्वारा कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। दुर्ग जिले के इन खिलाड़ियों को मार्शल आर्ट्स की संस्था कारा-कु-जू-बो-काई-कॉन फुल कांटेक्ट कराते के डायरेक्टर सेंसाई गिरीराव, संस्था के सीनियर प्रशिक्षकों अरविंद चंदेल, जे पी राजू, रामकुमार पाण्डेय, गांधी सोनी, मनोज नेताम, श्रवण साहू, सुभाष सोनी, आरती सिंह, लक्ष्मी तिवारी तथा विधि मिश्रा ने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

- 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता

## समाज इवेंट

# ब्रम्ह भट्ट ब्राह्मण संघ की बैठक में सामाजिक भवन पर हुई चर्चा



**भिलाई।** श्री ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी और भिलाई-दुर्ग की मासिक बैठक राकेश भट्ट के निवास स्मृति नगर में रखी गई थी। जिसमें समाज के पंजीयन करने के लिए विष्णु शर्मा का आभार प्रकट किया गया और समाज के भवन और जमीन के बारे में भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष राकेश भट्ट, आभा भट्ट, विष्णु शर्मा, सुमित कुमार, दतनेश भट्ट, दानेश्वर भट्ट, अनिल शर्मा, अमरेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, रायपुर जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, प्रांतीय महामंत्री नितिन शर्मा, रायपुर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित शर्मा, हेमलाल भट्ट रायपुर, अनिल शर्मा मॉडल टाउन, मनोज शर्मा हाउसिंग बोर्ड भिलाई, संजय शर्मा, संजय ब्रह्म भट्ट दुर्ग और दुर्ग-भिलाई जिला अध्यक्ष मनु शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शहर में मुहर्रम पर तकरीर, फातिहा, लंगर और कर्बला के शहीदों का ज़िक्र जारी

# अखाड़े में करतब के गुर सीख रहे नौजवान, अकीदत की चमक बिखेरने तैयार हो रहे ताजिए, स्वास्थ्य शिविर आज

**भिलाई।** शहर में कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम के 10 दिन के आयोजन जारी है। शहर में अलग-अलग जगहों पर ताजिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मस्जिदों और अन्य जगहों पर तकरीर भी जारी है। अखाड़ा कमेटियों के बैनर तले नौजवान करतब के गुर सीख रहे हैं। वहीं तकरीर और फातिहा ख्वानी के बाद रोजाना लंगर भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में चल रहा है।



कैम्प-1 में नौजवान सीख रहे अखाड़े के गुर

### बताई पैगम्बर मुहम्मद की सीरत

हजरत बीबी फातमा जोहरा कमेटी की ओर से मुहर्रम पर यादे इमामे हसन हुसैन 10 रोज का औरतों के लिए तकरीकी प्रोग्राम जामा मस्जिद कम्यूनिटी हॉल, सेक्टर- 6, भिलाई में चल रहा है। 6 जुलाई तक यहां दोपहर में बाद नमाज जोहर से शाम को मगरिब तक जारी तकरीर में जिला बस्ती उत्तर प्रदेश मूल की फरीद नगर भिलाई निवासी आलीमा फाजिला कारिया नौरीन फातमी ने पैगम्बर हजरत मुहम्मद की सीरत पाक पर बयान किया।

### मुहर्रम की तैयारी, कारीगर बना रहे ताजिया



कमेटी कैम्प-1 की ओर से मुहर्रम के 10 रोजा प्रोग्राम जारी है। कारीगर ताजिया बनाने में जुटे हैं। ताजिया चौक पर यहां रोजाना फातिहा ख्वानी के बाद लंगर आयोजित किया जा रहा है। यहां 3 जुलाई ( 7वें मुहर्रम) को सभी घरों से मन्नतों का परचम लाया जाएगा और रात में (साक्षरता चौक के सामने स्थित) कर्बला मैदान से मिट्टी लाने लोग जाएंगे। यहां तैयार होने वाले ताजिए की सात, 9 और 10 मुहर्रम को शहर के जुलूस में लोगों की भागीदारी रहेगी। एनकेडी ग्रुप के नौजवान मुहर्रम के तमाम आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

### हाउसिंग बोर्ड, फरीद नगर और भिलाई-तीन में जारी है जिक्र शोहदाए कर्बला



इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम शरीफ का दस रोज का प्रोग्राम ईदगाह हाऊसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में जारी है। मदरसा दारुल राहत आलिमा सेक्टर-6, भिलाई की तरफ से सीरते जहरा कॉन्फ्रेंस जिक्रे शोहदाए कर्बला दस रोजा तक़रीरी प्रोग्राम फरीद नगर में चल रहा है। जिसमें बिहार की आलीमा फाजिला चांदनी जहरा ने कर्बला की याद में कहानी बताई। राजनांदगांव की आलीमा फाजिला रुखसार फातिमा अपनी तकरीर में नमाज की अहमियत बयान की। भिलाई-तीन के कुतुब ए भिलाई हजरत सैयद बाबा के आस्ताना में 10 दिन का जिक्र ए शोहदाए कर्बला 27 जून को रात में बाद नमाज ईशा रात 9.30 बजे से जारी है। जिसमें हजरत अल्लामा व मौलाना मुफ्ती अजहर हुसैन नूरी शहडोल की तकरीर जारी है। सैयदी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-3 ने लोगों से जिक्र शोहदाए कर्बला में शामिल होने की अपील की है।

### आज रक्तदान शिविर और बेटियों का इस्तकबाल

अंजुमन हुसैनिया कमेटी की ओर से मुहर्रम पर जारी आयोजनों में 2 जुलाई को विविध आयोजन किये जाएंगे। इलाहाबादी पंचायती ताजिया इमामबाड़ा, सडक-20, जोन-1, खुर्सीपार में दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर होगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे वहीं लोग स्वैच्छिक तौर पर रक्तदान करेंगे। आयोजन में शाम को 8वीं, 10वीं और 12वीं में बेहतर परिणाम पाने वाली बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि बीएसपी के पूर्व जनरल मैनेजर एमआरके शरीफ होंगे।

## ट्रैफिक जागरुकता अभियान

# हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने गुलाब फूल देकर किया जागरुक







**भिलाई।** वाहन चालकों और युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए रविवार को एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा और दिशा संस्था द्वारा मिलकर जागरुकता अभियान चलाया गया। सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने वाली संस्था दिशा ने ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर रमेश कुमार निषाद के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस बल के सहयोग से सेक्टर-9, हॉस्पिटल चौक, सेंट्रल एवेन्यू, भिलाई में ट्रैफिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और ट्रैफिक सिग्नल के नियमों का सम्मान करने की अपील की गई। जागरूकता तख्ती लगाकर, पोस्टर प्रदर्शन और पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग किया गया। संस्था के सदस्यों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर चौराहों और व्यस्त सड़कों पर नागरिकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने भी सड़क सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को दिशा ग्रुप के रामानुजन राजू, राजेश धारकर, शान्तनु दासगुप्ता ने गुलाब का फूल दे कर अभिवादन किया। सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देबनाथ, जवाहर, दीपंकर मुखर्जी, अजय दुबे, के सी राव सहित सभी सहयोगियों ने चालकों को चॉकलेट का वितरण किया। ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर कई संस्थाएं ट्रैफिक जागरुकता का अभियान चलाकर आम नागरिकों को जागरुक करते हुए सकारात्मक बदलाव ला रहे है।

## पौधारोपण अभियान

# स्वयंसेवकों ने कचनार, कदम, करंज, जामुन और नीम के लगाए पौधे



**भिलाई।** शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा कोटनी नदी किनारे पौधरोपण किया गया। आज संघ के मुख्या पंच पर्यावरण, जल बचाव और श्रीराम शाखा गया नगर के सभी स्वयं सेवकों ने सुबह शाखा के बाद कोटनी नदी के किनारे विभिन्न प्रकार के पौधे को लगाकर पर्यावरण सहेजने का संदेश दिया। इस दौरान कचनार, कदम, करंज, केशियसनीया, जामुन और नीम के पौधे लगाये गए। इस अवसर पर विनोद यादव, पिंटू चंद्राकर, रूपेंद्र राजपूत, राकेश यादव, गगन गुप्ता और दिनेश पांडेय सहित सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## फोटोग्राफी के जनक जोसेफ नीसेफोर को किया याद



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में बच्चों के लिए आयोजित डिवाइन ग्रुप की क्लास में फोटोग्राफी के जनक जोसेफ नीसेफोर की याद में नेशनल कैमरा डे मनाया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने स्थायी फोटोग्राफ बनाने में सफलता पाई थी। हमारा खींचा हुआ फोटो हमारी यादों को कैद कर लेता है। हमें हर पल की वैल्यू की तब पता चलती है जब वह हमारे पास न रहे। कैमरा हमारी फोटो खींच कर स्टोर कर सकता है, डिलीट नहीं कर सकता। उसी तरह जीवन में हर मूमेंट को कैप्चर कर लीजिए, क्योंकि ये पल दोबारा नहीं आएंगे। ब्रह्माकुमारी पूजा और मयंक ने बच्चों को बताया कि लक्ष्य के साथ सही दृष्टिकोण से फोटो और विडियोज बनाने से हमारी क्रिएटिविटी बढ़ती है। हमारी एक फोटो 13,000 शब्दों के बराबर होती है। बच्चों को एकाग्रता के लिए मेडिटेशन और वेक्यूबेस्ड फन एक्टिविटी भी कराई गई।

## रथयात्रा महोत्सव का आज पांचवा दिन, हेरा पंचमी की होगी रस्म

कार्नर न्यूज

# मौसी गुंडिचा ने महाप्रभु का विशेष श्रृंगार कर जीरापखाल, आमखट्टा, खीरी और रसावली का लगाया भोग, आज रथ की दिशा में परिवर्तन

**भिलाई।** सेक्टर-6 ए मार्केट में बने गुंडिचा मंडप में महाप्रभु जगन्नाथ को उनकी मौसी ने सोमवार को बड़ा श्रृंगार (विशेष श्रृंगार) वेश धारण कराया और महाप्रभु के पसंद का भोजन जीरापखाल, दालफ्राई, महूरा(मिक्स वेज), आमखट्टा, खीरी और रसावली का भोग अर्पित किया। महोत्सव के दौरान आज हेरा पंचमी की रस्म निभाई जाएगी। जहां आज माता लक्ष्मी गुंडिचा मंडप आएंगी और रथ की दिशा वापसी की ओर मुड़ जाएगी। गुस्से से रथ को तोड़ेगी।





### सेक्टर-10 में भजन पर झूमे भक्त, अतिथियों ने दिया पुरस्कार

जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वाधान में सेक्टर-10 में निर्मित भव्य गुण्डिचा मंडप में महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी का विशेष श्रृंगार करने के साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान संगीत संध्या में सुर सुधा ग्रुप के कलाकारों ने बेहतरीन भजन और भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने भक्तों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीएसपी चीफ जनरल मैनेजर विजय कुमार बेहेरा, गीतांजलि बेहेरा, समिति के महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुनीता निखाडे के नेतृत्व में प्रतिभा सावरकर, रिम्पी नैय्यर, भारती अशोक, लता नारायण, शालिनी पांडियन, रंजना वर्मा आदि कलाकारों ने प्रस्तुति दी। अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर कलाकरों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन त्रिनाथ साहू तथा रंजन महापात्र, मंच व्यवस्था वृंदावन स्वाईं ने किया। सत्यवान नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हेरा पंचमी पर कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।



### महाप्रभु और उनके भाई-बहन की खूब आवभगत हो रही

इन दिनों गुंडिचा मंडप में महाप्रभु और उनके भाई-बहन की खूब आवभगत हो रही है। जिस तरह मां अपने बच्चे को लाड करते हुए काजल-बिंदी लगाकर मुलायम कपड़े पहनाती है ठीक उसी तरह सोमवार को मौसी गुंडिचा ने विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से विशेष श्रृंगार किया और उनके पसंदिदा व्यंजनों का भोग लगाया। भक्तों ने भी इस भोग को खरीद कर भोग का आनंद लिया। शाम की आरती के बाद श्री सत्य सांई राम लीला मंडली बेलौदी द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला में राम जन्म और उत्सव के बाद आज विश्वामित्र आगमन और ताड़का वध दिखाया गया। 4 जुलाई तक शाम 7 बजे महाप्रभु की विशेष आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा और रात 10 बजे विशेष प्रसाद पोड़ो पीठा का भी भोग लगाया जा रहा है। इस आयोजन में पं तुषांत महापात्रा, समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, शरद विशाल, गजेन्द्र पण्डा सहित समिति के सदस्य व्यवस्था में लगे हुए है।

## खबर संक्षेप

### कवि सम्मेलन आज

**उतई।** हथख़ोज पारा उतई के कला मंच पर डॉक्टर डे पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 जुलाई को दोपहर 3 बजे से होगा। जिसमें कवि डॉ. यशवंत, सूर्यवंशी, डॉ. संजय दानी, डॉ. नौशाद सिद्धकी, डॉ. अर्चना श्रेया, डॉ. रमाशंकर सोनी, मन्नू लाल यदु, रिक्की बिंदास, उत्तम देवहरे, यशवंत यदु यश, रघुनाथ देशमुख, विष्णु राम कुर्रे, सीमा साहू कविता पाठ करेंगे।

## निधन

### जवाहर साहू

**पाटन।** ग्राम दैमार के मीसा बंदी लोकतंत्र सेनानी व समाज सेवी



जवाहर साहू का निधन सोमवार 30 जून को हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपना शरीर मृत्युपरांत मेडिकल कॉलेज को देहदान किया। वे अधिवक्ता शिवानंद साहू, सुरेन्द्र एवं गोकुल साहू के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### शिव दर्शन मिश्र

**भिलाई।** कैंप 1 भिलाई निवासी पंडित शिव दर्शन मिश्र का निधन



30 जून को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 1 जुलाई को निवास स्थान शॉप नम्बर 3 पानी टंकी के पास कैंप 1 से रामनगर मुक्तिधाम के लिए दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे राजेश मिश्र एवं अभिषेक मिश्र के पिता थे।

### चिंता राम यादव

**भिलाई।** कुरुद भिलाई निवासी शिक्षक चिंता राम यादव उम्र 62 वर्ष का आकस्मिक निधन 30 जून



को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कुरुद के मुक्तिधाम में किया गया। वे आशीष यादव के पिता एवं ख्याति यादव और कोमपल यादव के दादा थे। वे अपने पीछे वेद प्रकाश जहान्वी, लक्षिता यादव सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।


**//आम सूचना //**

(ग्राम-कोहका, प.ह.नं.-19, रा.नि.म. दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) खसरा नम्बर-76/66 रकबा 0.020 हेक्टेयर = 1850 वर्गफीट की भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण सुनील वर्मा पिता श्री राजाराम वर्मा एवं प्रवीण वर्मा पिता श्री राजाराम वर्मा, दोनों निवासी-सिंधी कॉलोनी, स्टेशन रोड, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के आधिपत्य एवं हक स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि खसरा नम्बर-76/66 रकबा-0.020 हेक्टेयर = 1850 वर्गफीट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिसके सम्पूर्ण दस्तावेज मेरे पक्षकार के पास सुरक्षित है जो विक्रय योग्य नहीं है। ग्राम-कोहका जो एक विवादित क्षेत्र है। इस जमीन के संबंध में कोई व्यक्ति विक्रय करता है तो वह अवैधानिक है। खसरे के संबंध में कोई क्रय-विक्रय या इकरारनामा निष्पादित करता है तो उसके जवाबदार स्वयं होंगे। अतः उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक विशेष, किसी वित्तीय संस्था या किसी गैर वित्तीय संस्था, निकाय, साहूकार या अन्य किसी भी अन्य व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, उजरदावा आदि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति व उजर दावा मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात किसी भी प्रकार से आपत्ति उजर दावा किये जाने पर मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.) दिनाँक-30.06.2025

भवदीय
जितेन्द्र बेलचन्दन अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 79993-82228


### सहकारी समितियों के सामने किया प्रदर्शन, नहीं सुधरे हालात तो और भी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# खेती के लिए नहीं है डीएपी खाद, किसानों का फूटा गुस्सा, जिलेभर में प्रदर्शन, कांग्रेस भी मोर्चे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेती किसानी के बीच खाद का शार्टेज होने के चलते किसान परेशान हैं। जिसे लेकर कांग्रेस ने जिलेभर में सोसाइटियों के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं के आलावा बड़ी संख्या में किसान वर्ग भी शामिल हुए। जहां खाद नही मिलने से जमकर नाराजगी सामने आई है।

प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किया जाना था, किन्तु सहकारी समितियों में आज किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे मामले को लेकर काँग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश के सेवा सहकारी समितियों के सामने किसानों के साथ प्रदर्शन कर रहे है। इसी बीच किसानों के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में काँग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर आज सेवा सहकारी समिति औंधी व बटंग पहुँचे। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आज पूरे दुर्ग जिले में सेवा सहकारी समितियां के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही मांग पूरा करने ज्ञापन भी सौंपा जा रहा है। इस दौरान ललित सिन्हा, अमृत सिंह राजपूत, राजेश बघेल, अनिल सिरसिहा, छत्रपाल सिंह, कृपा राम, महेंद्र कुमार कुर्रे, अश्वनी कुमार, दिनेश कुर्रे, गैन्दू राम वर्मा, कुलेश्वर साहू, प्रहलाद कुमार, संतोष साहू, भीखम साहू, घनश्याम वर्मा, योमन देवांगन सहित काँग्रेसी व किसान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### प्रदेशभर में कांग्रेस ने किया था आह्वान

खाद-बीज अनुपलब्धता को लेकर किसानों को होने वाली समस्या को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने 25 से 30 जून 2025 के मध्य जिले के अंतर्गत आने वाले सभी सहकारी समितियों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया था। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के तहत खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु मांग किया जा रहा है।

### तिरगा में सरपंच ने जताई चिंता

ग्रामीण अंचल तिरगा में किसानों को खेती के लिए आवश्यक डीएपी खाद की भारी कमी का



सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसियाराम देशमुख ने सक्रिय पहल करते हुए प्राथमिक कृषि साख समिति के प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। सरपंच घसियाराम देशमुख ने बताया खेतों की तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन डीपी खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान बेहद परेशान हैं। कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान रामसाय बेलचंदन, गैंदलाल देशमुख, राकेश बेलचंदन, बुद्धेश्वर देशमुख, सूरज देशमुख, नंदलाल देशमुख, शिव देशमुख, भोलाराम देशमुख थे।

### सेलूद सोसायटी में किसान आक्रोशित दिखे

वृहताकार सहकारी समिति सेलूद में स्थानीय किसानों द्वारा प्रदेश स्तर में हो रहे खाद व बीज की



अनुपलब्धता के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय किसान व पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग जवाहर वर्मा ने बताया राज्य की भाजपा सरकार किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध करवाने में पूर्ण रूप से असफल है। डीएपी खाद के स्थान पर किसानों को एनपी के खाद पकड़ाया जा रहा है। धान की फसल के लिए सबसे ज्यादा फॉस्फोरस की आवश्यकता होता है। पूर्व मंडी बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी साहू ने बताया सरकार किसानों की आय बढ़ाने छोड़ प्रदेश में नए नए शराब दुकान खोलकर केवल प्रदेश अराजकता फैलाने का काम कर रही है। पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग जवाहर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी दुर्ग अश्वनी साहू , सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद खिलेश मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जय वर्मा, करण सिंह, बाबूलाल, नेवेंद्र शेखर आदि उपस्थित थे।

### कुम्हारी सोसायटी में गरजे किसान



ब्लॉक काँग्रेस कमेटी कुम्हारी ने सोमवार को सेवा सहकारी समिति पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम भिलाई-3 तहसीलदार पवन ठाकुर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को तत्काल खाद-बीज उपलब्ध कराने और डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद दिए जाने पर चिंता व्यक्त की गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों ने खरीफ फसल की बुवाई शुरू कर दी है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मनहरण यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, महेश सोनकर, पार्षद जानकी ध्रुव, पार्षद लेखराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उतई में भी किसानों का दिखा गुस्सा

जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के नेतृत्व में बोरीगारका व कोड़िया सहकारी समिति में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम से समिति प्रबंधक को ज्ञापन देकर किसानों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। राकेश हिरवानी ने कहा आज भाजपा सरकार द्वारा किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। इस अवसर पर बोरीगारका सहकारी समिति के पुर्व प्राधिकृत अध्यक्ष राजेश साहु, चुम्मन यादव सरपंच बोरीगारका, जामवंत गजपाल, कुमार साहू ,गज्जु हिरवानी,शिव कुमार जांगड़े, कुमार साहु द्वारिका साहु, मनीष सोनवानी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### सोसायटी के सामने खाद व बीज की मांग को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन



**अंडा।** सहकारी समितियों में सोमवार को किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश के सेवा सहकारी समितियों के सामने किसानों के साथ प्रदर्शन कर रहे है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर के नेतृत्व में इसी बीच किसानों के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर ने सेवा सहकारी समिति कुथरेल ,अंडा, कोड़ियां,नगपुरा, निकुम , बोरिगारका, उतई , थनौद , तिरगा, आलबरस, कोलिहापुरी रसमडा , मतवारी, खोपाली, मचान्दूर पहुंचे। चन्द्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण में सेवा सहकारी समितियां के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, रिवेन्द्र यादव, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, कृष्णा देवांगन, नन्द कुमार सेन, धरम साहू, रूपेश देशमुख रोहित साहू, घसिया राम देशमुख,शिव नारायण दिल्लीवार, लोकनाथ साहू, पुकेश चन्द्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा,प्रवीन चन्द्राकर,मनोज चन्द्राकर, राकेश हिरवानी , विकास चन्द्राकर, जगदीश दीपक , जामवंत साहू,मोती राम साहू, हेमंत, गुलशन चन्द्राकर,गंगा राम, रमेश, धर्मेन्द्र, रामकिशन, दिनेश, चमरू, रेखराज चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

# शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम ग्राम भोथली में मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग थी। अध्यक्षता आशा विक्की मिश्रा सदस्य जिला पंचायत दुर्ग ने की और विशिष्ट अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, अध्यक्ष पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम और श्रीमती दामिनी मुकेश साहू सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग थे।

इस अवसर बच्चो का स्वागत कर शाला प्रवेश कराया गया साथ में पुस्तक वितरण किया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों को स्कूल से संबंधित मांगो से अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि कुलेश्वरी देवांगन जनपद अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, माता-पिता गुरु जन का सम्मान करें, हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय निकुम सुरेश कुमार साहू ने कहा जिस प्रकार हम कई क्षेत्र में दान करते हैं सहयोग करते हैं उसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में भी

- बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरण किया

निरंतर सहयोग प्रदान करें। आयोजन में ग्राम तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख , भोथली सरपंच नेमिन खूटेल , झोला सरपंच बसंती कौशल निषाद , पूर्व सरपंच रमेश साहू , शिक्षक पूसऊ राम साहू, घनश्याम सिंह साहू, रामेश्वर साहू , राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष टेनेंद्र(पप्पू) साहू , सोनम साहू , गिरवर साहू, संकुल प्रभारी पुष्पा रामटेक, संकुल समन्वयक रघुनाथ देशमुख , प्रधान पाठक भानु प्रताप वर्मा, बलवर ,चंदन साहू,उपसरपंच जितेन्द्र साहू, धर्मेंद्र साहू सहित अन्य ग्रामीण जन और आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# विधायक ईश्वर से की अछोली में शराब दुकान नहीं खोलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा किसान बंधु संगठन द्वारा धमधा क्षेत्र के किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल के नेतृत्व में ग्राम अछोली में खोलने वाले शराब दुकान के विरुद्ध शिकायत की। विधायक ईश्वर साहू के निवास में

- 8 जुलाई को धमधा में धरना प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

सोमवार को शराब दुकान न खोलने की फरियाद लेकर सैकड़ों किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। किसान नेता बाबा टेकसिंह ने बताया कि किस प्रकार सरकार के द्वारा शराब दुकान की नई नीति लाई गई है और गांव में नए शराब दुकान खोले जा रहे हैं यह बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए जो कि जनहित में एक अच्छा कदम नशा मुक्ति की ओर रहेगा। ग्राम अछोली में शराब दुकान खोलने के बाद क्षेत्र के कम से कम 20 से 25 गांव के युवा समाज परिवार आर्थिक बर्बादी के कगार पर खड़े हो जाएंगे लोग नशे को अपना साथी बनाकर बर्बाद हो जाएंगे। जिसकी शिकायत क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू से शिकायत करने के लिए पूरा ग्रामीण इलाका 20 से 25 गांव से लोग फरियाद लगाने आए हैं। शासन को चाहिए कि इस प्रकार के तुगलकी फैसले को तत्काल निरस्त करें। शिकायत करने वालों में आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन, जोहन वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, मोती राम वर्मा पूर्व सरपंच, डालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल, चितरंजन अग्रवाल, रामराज वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मोजी राम, जीरजोधन वर्मा, पेखन यादव, केवल वर्मा, घसिया राम आदि उपस्थित थे। वहीं इस मामले में आगामी 8 जुलाई को धमधा किसान बंधु संगठन द्वारा धमधा में धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

### डुंडेरा में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

**उतई।** वार्ड-36 ग्राम डुंडेरा में युवा भाजपा नेता केशव महिपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना। युवा भाजपा नेता महिपाल ने कहा कि पीएम देश की छोटी-छोटी से



लेकर बड़ी उपलब्धियों पर भी अपनी बात साझा करते हुए उसकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने योग दिवस की भव्यता, पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि, 1975 के आपातकाल और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वियतनाम यात्रा और भारत के ट्रेकोमा मुक्त होने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए।

## अंचल की खबरें

### संकुल कुथरेल में मना शाला प्रवेश उत्सव




**अंडा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शा पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल में मनाया गया। मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर जनपद सदस्य एवं विशेष अतिथि समग्र शिक्षा कार्यालय से विवेक शर्मा एपीसी, गीता गजपाल सरपंच कुथरेल एवं समस्त पँचगण शामिल थे। मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर ने अपने उदबोधन में शा पूर्व मा शाला कुथरेल में जनपद सदस्य मद से टॉयलेट निमार्ण कराने की घोषणा की। एपीसी विवेक शर्मा ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने सभी नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुये गणवेश वितरण , पाठ्यपुस्तक एवम संकुल मद से सभी नवप्रवेशी बच्चों को कॉपी वितरण किया। कन्या प्राथमिक शाला की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत दी। ततपश्चात सभी अतिथियों ने शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया ।

### कांग्रेसियों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन



**पाटन।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी पाटन के कांग्रेसजनों द्वारा खाद बीज की अनुपलब्धता से किसानों को हो रही परेशानी के सन्दर्भ में सेवा सहकारी समिति पाटन में जाकर सांकेतिक प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेसजनों ने कहा कि जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए मांग किया गया। प्रदर्शन में हेमंत देवांगन,पुरूषोतम कश्यप,लक्ष्मी नारायण पटेल ,बलदाऊ भाले,तरुण बिजोर,आभाष दुबे,कमल किशोर वर्मा,सरजू साहू,लीलाधर वर्मा,मनोज कुर्रे,बीरेंद्र कौशिक,दीपक यादव,नीरज सोनी,प्रशांत शुक्ला, बिसौहा देवांगन, लिलेश वर्मा, सतीश देवांगन, नीरज चंद देवांगन, राज देवांगन, युवराज साहू आदि मौजूद थे।

### शिक्षा ही समाज व राष्ट्र की प्रगति की नींव




**अंजोरा।** पंडित लखन लाल शर्मा शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थनौद में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा पहली से 12 वीं तक के समस्त विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं कलम देकर स्वागत किया गया। कक्षा पहली से 8वीं तक के विद्यार्थियों को गणवेश एवं कक्षा 9वीं एवं 10 वीं के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक वितरण कर अतिथियों एवं शिक्षकों के द्वारा उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संगीता साहू ने कहा की शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति की नई है। हमें अपने बच्चों को सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि डिजिटल अनुशासन और सामाजिक जागरूकता में भी मजबूत बनाना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, क्षेत्रीय जनपद सदस्य संगीता साहू, ग्राम की सरपंच मेनका दिनेश देशमुख, सरपंच प्रतिनिधि दीना देशमुख, ग्राम अंजोरा के उप सरपंच माखन साहू आदि उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

# स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए अनेक संभावनाएं : पंडया

**भिलाई।** पांच प्रमुख कारणों से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए अनेक संभावनाएं हैं। इसमें स्वास्थ्य सेवा एक तेज गति से बढ़ने वाला और लाभकारी






उद्योग है। इस क्षेत्र में रोजगार और स्व रोजगार के अनेक विशाल अवसर उपलब्ध हैं। उक्त बातें मोशन के संचालक नितिन पंडया ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कुशल स्वास्थ्य सेवा देने वाले पेशेवरों की दिन प्रतिदिन बढ़ती कमी। स्थिर कैरियर विकास के साथ-साथ मानव सेवा का अवसर भी। जॉब सिक्यूरिटी एवं समृद्ध भरा जीवन आवश्यक है। दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरू, अहमदाबाद आदि स्थानों पर स्वास्थ्य सेवा नौकरी बाजार में राज करती है। आज ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सरकारी, अर्धसरकारी एवं प्राइवेट व एनजीओ स्तर पर कई रिक्त पद उपलब्ध है। इन रिक्त पदों को जल्द भरने की आवश्यकता है। इस कैरियर क्षेत्र में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट उत्तीर्ण करना होता है। मध्य भारत में नीट की कोचिंग करने के लिए आज की तारीख में सर्वलोकप्रिय और सबसे अच्छा परिणाम देने वाली संस्थान है मोशन, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई के हृदय स्थल न्यू सिविक सेंटर में स्थित है। पिछले तीन वर्षों से लगातार उत्कृष्ट परिणाम के साथ-साथ क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के बीच बहुत अधिक प्रचलित हो चुकी है। अधिक जानकारी के लिए आप जल्द से जल्द मोशन भिलाई सेंटर में संपर्क करें।


### क्षेत्र के लोगों को असुविधा का करना पड़ रहा सामना

# बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा आसपास के अंचलों में लगातार हो रही बिजली कटौती की गंभीर समस्या को लेकर विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात की गई। कांग्रेसजनों ने बताया कि क्षेत्र में घंटों तक बिजली गुल रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिससे विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों सहित मुख्य कृषि कार्य के लिए किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में लाइनमैन और तकनीकी कर्मचारियों की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस स्थिति से शासन को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है। परंतु अब तक अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई है। कांग्रेसजनों कहा कि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और क्षेत्र में कर्मचारियों की पर्याप्त नियुक्ति नहीं हुई, तो कांग्रेस जन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर हेमंत देवांगन ,युवराज साहू ,कमकिशोर वर्मा ,पार्षद मनोज कुर्रे , पार्षद पुरुषोत्तम कश्यप, आभाष दुबे ,पार्षद दीपक यादव ,लीलाधर वर्मा ,गोपाल देवांगन, पार्षद बीरेंद्र कौशिक आदि उपस्थित थे।

# राजधानी में अटका चार करोड़ का प्रस्ताव, पुलगांव-अंडा मार्ग अंधेरे में

## कांग्रेस कार्यकाल में हुआ था सड़क का निर्माण, नहीं मिली अब तक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कांग्रेस की सत्ता में पुलगांव से अंडा तक सडक चौडीकरण का कार्य किया गया था। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग ने सिर्फ सडक बनाने का ही कार्य किया है। वहीं बिजली का कार्य नही होने से सड़क में अंधेरा पसरा है। जिसके चलते राहगीरों को दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करने मजबूर होना पड़ रहा है। अफसरों की माने तो राज्य शासन को सवा चार करोड रूपए का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन स्वीकृति नही मिलने के कारण कार्य रूका है।

पुलगांव से अंडा तक करीब 12 किमी की फोरलेन सडक के लिए 430 लाख का विद्युत कार्य कराया जाना है। हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी इन मार्गो को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद सांसद विजय बघेल ने गंभीरता दिखाई और 15 सितंबर 2024 को ही वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर जल्द ही स्वीकृति राशि जारी करने की मांग की थी। बहरहाल यहां सडक चौड़ीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया। लेकिन यहां शाम होते ही अंधेरा छाया रहता है। सड़क पर मवेशी और अंधेरे से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### सौ करोड़ से अधिक की लागत से बनी सड़क

जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक करीब सौ करोड 34 लाख रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों का कहना है कि, सडक निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद बिजली के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। अफसरों की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगताना पड रहा है। पुलगांव से अंडा तक रात अंधेरा रहने से यहां डेंजर जोन की स्थिति में पहुंच गई है। पुलगांव के आगे सड़क पर यहां मवेशियों की झूंड रहता है, जिससे बडी दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती हैं।



### इन मार्गों के लिए भी स्वीकृत नहीं मिली

पुलगांव और अंडा के अलावा दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक से सिकोला ओव्हरब्रिज तक लाइट लगनी हैं। पाटन रोड में उतई तक लाइटे लगाने का प्रस्ताव शासन के पास पेंडिंग है। इसके आलावा अंडा से होकर जाने वाले चंदखुरी मार्ग में भी लाइट लगनी है। इन सभी इलाको के लिए राज्य शासन को विभाग द्वारा प्रस्ताव भेज दिया गया है। लेकिन स्वीकृति नही मिलने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है।

### बजट में किया गया था प्रावधान

पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बताया कि, पुलगांव से अंडा तक के लिए पिछले साल 2024-25 के बजट में प्रावधान किया गया था। लेकिन स्वीकृति नही मिल पाई थी। इस मामले में सांसद विजय बघेल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने लाइट नही होने से दुर्घटना की आशंका का जिक्र किया था। हांलाकि उनके द्वारा मैत्री गार्डन चौक से ग्राम देवादा फुंडा करीब 23 किमी के लिए 835 लाख रूपए की स्वीकृति की मांग की गई थी। जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

**कुछ की मिली स्वीकृति**

"मैत्री गार्डन चौक से फुंडा मार्ग के लिए स्वीकृति मिली है। पुलगांव से अंडा मार्ग का प्रस्ताव नही मिला है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने ही काम शुरू कराया जाएगा।
-**आरएल गायकवाड**, ईई विद्युत यांत्रिकीय विभाग पीडब्ल्यूडी

## खबर संक्षेप



### वृंदानगर स्कूल में प्रतिभावान सम्मानित

**भिलाई।** हायर सेकंडरी स्कूल वृंदानगर में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं के स्वागतार्थ प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में पार्षद संजय सिंह, शाला विकास समिति अध्यक्ष शंभूनाथ कुशवाहा मुख्य रूप से शामिल हुए। प्राचार्य सुचिता मुखर्जी ने स्कूल गतिविधियों की जानकारी दी। संजय सिंह व शंभुनाथ कुशवाहा ने शिक्षा व अनुशासन के महत्व को विद्यार्थियो को बताया। शिक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक शाला स्टील नगर के बच्चों द्वारा बालगीत की प्रस्तुति दी गई। शाला के प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर अनुज यादव, वर्णाली भौमिक, सुनील कुमार झा, शेखर कुमार सिंह, लीलावती, कल्पना चंद्राकर, दीना टांक सहित अन्य मौजूद थे।

### वृद्धाश्रम में फल व अन्य सामग्री का वितरण



**दुर्ग।** समाज सेविका नीलू सजंय सिंह द्वारा वृद्धाश्रम पुलगांव स्थित बाल गृह का दौरा किया। इस दौरान वृद्धों के बीच फल व खाने-पीने की सामग्री वितरित किया। समाज सेविका श्रीमती सिंह ने बताया कि पूरे साल हर मौसम में बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखने और उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लेने वृद्धाश्रम का दौरा करते है। उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह वृद्धाश्रम जा कर उनकी बरसात में जरूरतमंद समाग्री एवं खानें की समाग्री देते है। आश्रम के सभी बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्यों से अवगत होते है। जिला अस्पताल सहित अन्य स्थानों में जाकर असहाय लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य जरूरतमंदों के बीच राहत पहुंचाना है। समाज सेवी श्रीमती नीलू संजय सिंह ने बताया कि बुजुर्गों का सेवा पुनीत का काम है, जिसमें हम सभी को एक साथ हो कर यह करना चाहिए। अपने घर परिवार के बच्चों को भी इसमें शामिल करने की जरूरत है।

## परेशानी : स्टॉक की किल्लत का असर ऐसा कि 460 दुकानों में राशन खत्म

# सिस्टम की लापरवाही से 70% दुकानों में नहीं मिल पाया 3 माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राशनकार्डधारियों को तीन महीने का एकमुश्त चावल देने का आदेश है लेकिन पूरा महीना बीत गया और 70 फीसदी दुकानों में एक-दो महीने का ही पीडीएस का चावल बंट पाया है। तीन महीने का चावल बमुश्किल 30 फीसदी उपभोक्ताओं को ही मिल पाया है। जिले में 658 राशन दुकान हैं। जिसमें से 460 दुकानों में ऐसी स्थिति है कि चावल का स्टॉक खत्म हो गया है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को चावल के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। स्टॉक की किल्लत दुकानों में ऐसी है कि 10 हजार मिट्रिक टन चावल वितरण के लिए नहीं पहुंचा है।

### दुकानों में चावल के लिए काट रहे हैं चक्कर

हरिभूमि ने रिसाली, मरोदा, रूआबांधा, नेवई, स्टेशन मरोदा, कैंप, रामनगर, छावनी, बैंकुंठधाम, पद्मनाभपुर, शिक्षकनगर, गयानगर दुर्ग आदि पीडीएस दुकानों पर उपभोक्ताओं से चर्चा की। उपभोक्ता रामबाई, लक्ष्मी साहू, उषा निषाद, रामकुंवर, दुलौरिन, रमा वर्मा, कुमारी बाई, रामेश्वर, दिलीप राजपूत, श्याम, माधव आदि ने बताया कि पूरे तीन महीने का चावल नहीं मिला है। एक या फिर दो महीने का चावल दे रहे हैं। स्टॉक ही नहीं है। पूरा जून महीने बीत गया है। आगे चावल मिलेगा या नहीं इसे लेकर संशय है। इसलिए

## 10 हजार मीट्रिक टन नहीं पहुंचा दुकानों में



भिलाई। मरोदा सोसाइटी में राशन का इंतजार करते हितग्राही।

### तीन महीने के लिए 48 हजार मिट्रिक टन चावल की जरूरत

दुर्ग जिले के राशन दुकानों में हर महीन 16 हजार मिट्रिक टन चावल की खपत होती है। तीन महीने के एकमुश्त चावल के हिसाब से 48 हजार मिट्रिक टन चावल चाहिए। खाद्य विभाग के हिसाब से पिछले 15 दिनों में 24 हजार मिट्रिक टन चावल जमा हो पाया है। इस हिसाब से आधा चावल का स्टॉक जिले के गोदाम में है।

### 2.40 लाख उपभोक्ताओं को मिल पाया है चावल

जिले में 4.97 हजार पीडीएस राशनकार्डधारी हैं। इन राशनकार्डधारियों को तीन महीने का चावल वितरण होना है। विभागीय जानकारी के मुताबिक 2.40 लाख उपभोक्ताओं को तीन महीने का चावल बांटा जा चुका है। इस हिसाब से भी देखें तो 2.57 लाख उपभोक्ताओं को चावल नहीं मिल पाया है।

**स्टॉक जल्द ही भेजेंगे**

"हमारे मुख्य गोदाम में चावल का स्टॉक है लेकिन हमालों की कमी है। रैक भरने और राईस मिलरों का चावल जमा करने के लिए ये हमाल काम कर रहे हैं। इसलिए पीडीएस दुकानों में चावल का स्टॉक नहीं भेज पा रहे हैं। केवल 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं को चावल देना बाकी है। सप्ताहभर में ये काम कर लेंगे।
-**अतरी,** जिला खाद्य अधिकारी

### इसलिए नहीं मिल रहा है तीन महीने का चावल

#### 90 प्रतिशत चावल स्टॉक दुकानों में

दुकान संचालकों ने बताया कि स्टॉक की कमी बनी हुई है। जितना स्टॉक हमें दिया गया था उसमें से 90 प्रतिशत चावल वितरण हो चुका है। स्टॉक कम आने की वजह से जून के अंतिम दस दिनों में किसी को एक या दो महीने का ही चावल दे पाए हैं। तीन महीने का चावल वितरण कुछ ही उपभोक्ताओं को हुआ है। कई दुकानों में स्टॉक की कमी की वजह से वितरण ही बंद करना पड़ा है।

#### सर्वर व थंब नहीं ले रहा मशीन

पीडीएस दुकानों में सर्वर की समस्या भी इन दिनों चल रही है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं का थंब मशीन में स्क्रीनिंग नहीं हो पा रहा है। मोबाइल से ओटीपी भेजकर भी राशन वितरण किया जाना है लेकिन ज्यादातर उपभोक्ताओं के साथ मोबाइल की समस्या है। मोबाइल नहीं होने से ओटीपी नहीं भेज पा रहे हैं।

#### हमालों की कमी

हमालों की कमी बनी हुई है। सुबह शिफ्ट में रेलवे में चावल भेजने के लिए रैंक लगता है जहां हमाल काम करते हैं। उसके बाद राइस मिल का चावल भी गोदाम में जमा के लिए आता है। वहां भी इन्ही हमालों से काम लिया जाता है। जिसकी वजह से राशन दुकानों को चावल भेजने के लिए हमालों की कमी बनी हुई है।

# ई -1 से ई-7 तक के 321 अधिकारियों का प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल में बीएसपी अधिकारियों को लंबे समय बाद पदोन्नति दे दी गई है। ई वन से लेकर ई सेवन तक के 321 अधिकारियों को उनके उच्च पदों पर पदोन्नति मिली है। बीएसपी प्रबंधन

- बीएसपी प्रबंधन ने जारी किया आदेश

के द्वारा ई-1 से ई-7 तक के पदोन्नति के आदेश जारी करते हुए क्रमशः 39 डिप्टी मैनेजर, 15 मैनेजर, 56 सीनियर मैनेजर, 109 सहायक महाप्रबंधक, 70 उपमहाप्रबंधक तथा 32 महाप्रबंधक बनाये गये हैं। सेल में अधिकारियो के पदोन्नति के आदेश 30 जून को जारी किया गया जिसमें अगले स्तर पर पदोन्नत किये गये अधिकारियों को उनकी पदोन्नति का आदेश उनके उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। सेल प्रबंधन से सेफी ने सभी पदोन्नति आदेश 30 जून तक जारी करने हेतु अपनी सभी बैठकों में मांग रखी थी। सेल प्रबंधन ने ई-1 से ई-7 तक के पदोन्नति आदेश आज सभी इकाईयों में जारी कर दिया है।

### सेफी चेयरमेन ने कहा सूची संतुलित

सेफी चेयरमेन एवं ओए-बीएसपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने तय समय पर जारी किये गये प्रमोशन लिस्ट को अत्यंत संतुलित बताते हुए सभी पदोन्नत अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील किया कि सुरक्षा और पर्यावरण को प्राथमिकता देते हुए संयंत्र की प्रगति के लिए सभी संभव प्रयास करें। सेफी अध्यक्ष ने इस पदोन्नति आदेश में दिए गए कवरेज के लिए सेल प्रबंधन, सेल अध्यक्ष, निदेशकगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में अधिकारियों के द्वारा उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जाने का भरोसा दिलाया।

## युक्तियुक्तकरण:शिक्षकों का प्रदर्शन आज

**भिलाई।** शिक्षक साझा मंच के बैनर तले 1 जुलाई को सभी ब्लाक में धरना प्रदर्शन कर सभी पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवागणना कर समस्त लाभ प्रदान करने, पदोन्नति में डी.एड प्रशिक्षित को अवसर प्रदान करने व युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए पदांकन को निरस्त कर 2008 के सेटअप के आधार पर करने की मांग पर आवाज बुलंद करेंगे। साझा मंच के प्रमुख संघटन शालेय शिक्षक संघ के चंद्रशेखर तिवारी तथा टीचर्स एसोसिएशन के शत्रुधन साहू ने बताया कि कहीं शिक्षकों को अतिशेष बनाते समय अपनों को बचा लिया तो कहीं अपनों के लिए रिक्त पद छुपा लिया, किसी स्कूल से शिक्षक अतिशेष बनाकर निकाले गए तो वहीं प्रधान पाठक की पोस्टिंग कर दी गई। नियमानुसार रिक्त पदों का चिहांकन न करने के कारण शिक्षको को दूसरे जिले में जाना पड़ा ये सभी प्रमाणित हो चुका है।

# बैंक के नोटिस से परेशान अण्डा के किसान करेंगे सोसायटी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सात साल बाद किसानों को अंडा ब्रांच के अधीन आने वाले सोसायटियों के किसानों को नोटिस जारी किए जाने से किसान परेशान हो गए है। किसानों का कहना है कि कर्ज की राशि जमा करने के बाद भी नोटिस दिया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि बैंक के

- वर्ष 2018-19 के खाते का हवाला देकर भेज रहे नोटिस

अधिकारियों द्वारा की गई गडबडी के चलते किसानों को नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। जिले लेकर आक्रोशित किसानों ने एक जुलाई को अंडा सोसायटी का घेराव किए जाने का ऐलान कर दिया है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अण्डा में किसानों द्वारा अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर घेराव एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह आंदोलन किसानों की उपेक्षा और बैंक की लापरवाही के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि, कर्ज चुकता करने के बावजूद बैंक द्वारा उन्हें डीएमआर खाते में कर्जदार दर्शाया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। यह किसानों के साथ धोखाधड़ी है और इसकी जांच होनी चाहिए।

### नहीं मिल रहा किसानों को कर्जा

अंडा के किसानो ने बताया कि, पुराना कर्ज बकाया होने की बात कहकर उन्हें बैंक द्वारा नया कर्ज नही दिया जा रहा है। जिससे किसान नगदी राशि और खाद नही मिलने से परेशान है। किसानों ने बताया प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# समय पर नहीं मिलता पेयजल पार्षद ने दी आंदोलन की चेतावनी

**भिलाई।** संतोषी पारा केम्प 2 भिलाई वार्ड क्रमांक 33 में



समय पर नल नहीं खुल रहा है। जिसकी वजह से लोगों को पानी लेने में दिक्कतें आ रही है। पार्षद एन शैलेजा ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है अन्यथा निगम कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। पार्षद शैलेजा ने कहा है कि पटरी इस पार श्रमिक बस्ती के लोगों की समस्याओं को देखते हुये नल खोलने का समय सुबह 6:30 बजे एवं शाम 6:30 बजे रखा जाए ताकि सभी लोग अपने कार्य में जाने से पूर्व पानी भर सकें या बचे हुये लोग शाम के समय अपना पानी भर सकें। पटरी इस पार श्रमिक बस्ती है जहां पर सभी लेबर कार्य करने वाले रहते हैं। जो कि प्रतिदिन नल समय पर नहीं खुलने व बीच-बीच में पानी प्राप्त नहीं होने के कारण सभी लोगों को पानी के लिए काफी समस्याओं से जूझना पड़ता है। नल खुलने में कभी देर होता है उस वक्त सभी लोग अपने-अपने रोजी मजदूरी के लिये चले जाते है। घर में कोई नहीं होने के कारण नल का पानी नहीं भर पाते है। इस संबंध में कई लंबे समय से क्षेत्र के पार्षदगण के द्वारा आयुक्त नगर निगम भिलाई जोन आयुक्त को आवेदन दिया गया है किन्तु अब तक किसी भी प्रकार से निराकरण नहीं किया गया है।

# लीज नवीनीकरण के मामले में शासन करे हस्तक्षेप : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप क्षेत्र की सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा लंबे समय से लीज नवीनीकरण और अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत की जा रही है।

- धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक संगठनों की मांग सांसद ने पहुंचाया शासन तक

इसे लेकर प्रतिनिधि मंडल सांसद विजय बघेल से मिला था। सांसद ने उन्हें इस विषय को लेकर शासन को अवगत कराए जाने की बात कही थी। इसे लेकर सांसद ने राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा एवं राजस्व सचिव अविनाश चंपावत के कार्यालय में अलग-अलग मुलाकात की।



बघेल ने शहरवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन से हस्तक्षेप करने और इस प्रक्रिया के निराकरण में सहयोग की अपील की। लंबी चर्चा के बाद इस प्रकरण में रुचि लेते हुए शहर के नागरिकों की भावनाओं को समझते हुए कार्य करने का वादा किया। बघेल ने लीज नवीनीकरण प्रक्रिया में प्रभावित परिवारों के प्रति शासन से गंभीरता पूर्वक विचार करने और केंद्र शासन का ध्यान उपरोक्त विषय पर आकर्षित करने का आग्रह भी किया। इस दौरान स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, पीयूष जैन, अधिवक्ता हिमांशु चौबे मौजूद थे। बघेल ने भिलाई इस्पात संयंत्र की एक पक्षीय कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर प्रभावित पक्षों के साथ वे खड़े हैं।

## ट्रैफिक पुलिस के साथ जन आक्रोश सामाजिक संस्था का संयुक्त कार्यक्रम

# सड़क हादसों से बचने ट्रैफिक पुलिस की ट्रेनिंग, वीडियो क्लिप दिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने ऑरेशन सुरक्षा के तहत वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए ट्रेनिंग दिए जा रहें है। यह ट्रेनिंग एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 परिसर में आयोजन किया गया। जिसमे जिले के शासकीय, प्राइवेट विद्यालय के 120 पीटीआई को ट्रैफिक नियमों का ट्रेनिंग दिया गया। भिलाई के जन आक्रोश सामाजिक संस्था के नागपुर के पदाधिकारीगण ट्रेनिंग के लिए मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत पीटीआई को सडक हादसों से जुड़ी वीडियों क्लीप दिखाया गया। वीडियों क्लीप के माध्यम से बताया गया कि

- एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 परिसर में आयोजन



सडक पर एक छोटी सी लापरवाही से वाहन चालक गंभीर सडक हादसे का शिकार हो जाता है।

भारत व छग में हो रही हादसों के आकडों से पता चलता रहै कि प्रतिवर्ष 1 लाख 65 हजार से अधिक लोग हादसों का शिकार होकर अपनी जान भारत में गंवाते है। भारत में हर दिन हादसों में 462 लोग, प्रतिघंटा 19 लोग और प्रत्येक 3 मिनट मे 1 आदमी की मौत होती है। जिसमें सबसे अधिक बाईक सवार आते है, हेलमेट धारण नही करने वाले भी सडक हादसों में जान गवानें वाले अधिक युवा वर्ग है। जिसमें 18-35 वर्ष के युवा है, ट्रैफिक के प्रमुख चार घटकों में पहला ई इंजीनिरिंग जिसके अंतर्गत सडक बनाने वाले एजेंसी जैसे एनएच, पीडल्यूडी, नगर निगम कार्य करती है।

द्वितीय-ई एजुकेशन ट्रैफिक नियमो की जानकारी जैसे सडक संकेत बोर्ड, ट्राफिक लाईट, रोड मार्किग,वाहन चलाते समय क्या करना चाहिए क्या नहीं की जानकारी प्रदान की गई। तृतीय ई इनफोरसमेन्ट टैफिक नियमों का पालन न करने वालो वाहन चालको पर की जाने वाली कार्यवाही। चतुर्थ-ई इमरजेंसी जिसमें सडक दुर्घटना के समय दी जानी वाली आपातकालीन सेवा मेडिकल उपचार इसके अंतर्गत कार्य करती है।

### छात्र-छात्राएं भी ट्रैफिक का पालन करें

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक ट्रेनिंग का उद्देश्य यहां उपस्थित सभी पीटीआई के माध्यम से जिले के स्कूलो के छात्र छात्राओं तक ट्रैफिक नियमों की जानकारी मिले। भविष्य में जब छात्र छात्राएं बालिक हो जाए और ड्रायविंग लायसेंस प्राप्त कर वाहन चलाते है। ट्रैफिक नियमो का पालन अनिवार्य रुप से करे और अपने दोस्तों को भी यह जानकारी दे। इस दौरान निरीक्षक पी.डी.चंद्रा, सउनि. राजमणी सिंह, ट्रैफिक कर्मी, शिक्षा विभाग से अमित घोष, उप संचालक शिक्षा संजय वर्मा, अशोर कुमार, कौशलेन्द्र पटेल,जनआक्रोश संस्था के नागपुर अध्यक्ष प्रकाश खाडेकर, एसएनजी विद्यालय की प्राचार्या ई.भारती समेत अन्य मौजूद थे।

